

TriMas

# आचार संहिता

हम उच्चतम नैतिक मानकों की संस्कृति में कार्य करते हैं

# विषय-सूची


हमारे प्रेज़िडेंट और सी.ई.ओ. का पत्र ..... 3

हमारी प्रतिबद्धता और मूल्य ..... 4

कर्मचारियों के लिए संसाधन ..... 5

हमारी संहिता का परिचय ..... 6
- व्यावसायिक आचरण के सिद्धांत ..... 7
- नैतिकता से निर्णय लेने की प्रक्रिया ..... 8
- संहिता कब लागू होती है ..... 9
- कौन सा कानून लागू होता है ..... 9
- कर्मचारियों को क्या करना चाहिए ..... 10
- प्रमुखों को क्या करना चाहिए ..... 11
- उल्लंघन के लिए दंड ..... 13
- व्याख्या, अनुमोदन और छूट ..... 13
- शिकायत करने पर क्या होता है ..... 14
- प्रतिशोध के विरुद्ध हमारा नियम ..... 15

एक-दूसरे के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ..... 17
- स्वास्थ्य और सुरक्षा ..... 18
- पर्यावरण और स्थिरता ..... 19
- नशीले पदार्थों का सेवन और कार्यस्थल पर हिंसा ..... 20
- निष्पक्ष रोज़गार आचरण ..... 21
- विविधता, समानता और समावेशन ..... 23
- गोपनीयता ..... 24

हमारे शेयरधारकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ..... 25
- उत्पादों की प्रामाणिकता और गुणवत्ता ..... 26
- संपत्ति का संरक्षण ..... 27
- हितों के टकराव ..... 28
- वित्तीय ज़िम्मेदारी और प्रकटीकरण ..... 29
- इनसाइडर ट्रेडिंग (भेदिया व्यापार) ..... 30
- बाहरी संचार ..... 31

हमारे व्यावसायिक साझेदारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ..... 32
- व्यावसायिक संबंध ..... 33
- उपहार और व्यावसायिक मनोरंजन ..... 34
- अभियान हेतु वित्तीय प्रबंधन और प्रचार ..... 35

कानून के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ..... 36
- भ्रष्टाचार का विरोध ..... 37
- प्रतिस्पर्धा कानूनों का अनुपालन ..... 38
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियंत्रण ..... 39

निष्कर्ष ..... 40

# हमारे प्रेज़िडेंट और सी.ई.ओ. का पत्र

**प्रिय सहयोगियों,**

ईमानदारी के साथ काम करना एक मुख्य मूल्य है जो यह मार्गदर्शन करता है कि TriMas में हम और हमारा व्यवसाय समूह अपने सहयोगियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, निवेशकों और अन्य हितधारकों के साथ आपस में कैसे व्यवहार करते हैं।

TriMas में, उच्चतम नैतिक मानकों की संस्कृति में कार्य करना हमारे प्रत्येक ब्रांड का संरक्षण करता है और हमारी सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। TriMas हर समय आचरण और अनुपालन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का प्रयास करती है। एक नैतिक कंपनी और विश्वसनीय व्यावसायिक साझेदार के रूप में हमारी प्रतिष्ठा हमारी सबसे मूल्यवान संपत्तियों में से एक है और हमारे व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण है।

इस प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में, हम **TriMas आचार संहिता** ("संहिता") को ताज़ा कर रहे हैं। यह उन सिद्धांतों को संक्षेप में प्रस्तुत करता है जिन्हें, हमारे द्वारा अपने सभी कार्यों में सर्वश्रेष्ठ होने का प्रयास करते हुए, हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करना चाहिए। हमारी आचार संहिता न केवल "सही तरीके से काम करना" बल्कि "सही काम करना" को बढ़ावा भी देती है। मैं आप में से प्रत्येक को उन दिशानिर्देशों और सिद्धांतों को पढ़ने, समझने और आपके दैनिक कार्य में लागू करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं जिनकी रूपरेखा इस संहिता में दी गई है। ईमानदारी को हमारे व्यवसायों और सफलता का एक अभिन्न हिस्सा बनाने में आपकी भूमिका के लिए धन्यवाद।

**थॉमस ए. ऐमेटो**
**TriMas प्रेज़िडेंट और सी.ई.ओ.**



# हमारी प्रतिबद्धता और मूल्य

एक नैतिक कंपनी और विश्वसनीय व्यावसायिक साझेदार के रूप में हमारी प्रतिष्ठा हमारी सबसे मूल्यवान संपत्तियों में से एक है और हमारे व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण है। हमारी प्रतिष्ठा और ब्रांड्स की सुरक्षा के लिए, हम खुद को नैतिक व्यवहार तक सीमित रखते हैं जो कानूनी तौर पर न्यूनतम आचरण से कहीं अधिक होता है।



## इस संहिता और इसकी नीतियों के संयोजन के रूप में, TriMas निम्न मुख्य मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध है:

### ईमानदारी

हम उच्चतम नैतिक मानकों की संस्कृति में कार्य करते हैं, उदाहरण के साथ नेतृत्व करना चाहते हैं, और हम अपने कार्यस्थलों, अपने समुदायों में सुरक्षा और पर्यावरण में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### ग्राहकों पर केंद्रित होना

खुद को अपने प्रतिस्पर्धियों से अलग करने के लिए हम लगातार गुणवत्ता, वितरण, सेवा और कुल मूल्य के बेहतर स्तर प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

### सामूहिक कार्य (टीमवर्क)

हम अपने सभी कर्मचारियों को महत्व देते हैं, परस्पर सम्मान के साथ एक दूसरे से व्यवहार करते हैं और नएपन को बढ़ावा देने के लिए सहयोग को प्रोत्साहित करते हैं।

### परिणामों से संचालित

तथ्य-आधारित निर्णय लेने की प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करते हुए, हम अपने प्रदर्शन-संबंधी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### निरंतर सुधार

हम काइज़न के साधन अपनाते हैं तथा प्रदर्शन में सुधार और परिचालन उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए कर्मचारियों की भागीदारी की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं।

**ये मूल्य हमारी संस्कृति को दर्शाते हैं, हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करते हैं और हमारे प्रदर्शन को प्रोत्साहित करते हैं।**

# कर्मचारियों के लिए संसाधन

TriMas में, हम खुले, ईमानदारी-भरे संचार का सम्मान करते हैं और एक ऐसी संस्कृति विकसित करने की कोशिश करते हैं जहां हम प्रतिशोध के डर के बिना प्रश्न पूछने और समस्याओं को व्यक्त करने में सहज महसूस करें। हम ऐसे किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिशोध को बर्दाश्त नहीं करेंगे जो, साफ़ नीयत से, आवाज़ उठाता है, मदद मांगता है अथवा संहिता, TriMas के मुख्य मूल्यों या कानून के वास्तविक या संदिग्ध उल्लंघनों के बारे में किसी जांच में हिस्सा लेता है।

**हम खुले, ईमानदारी-भरे संचार का सम्मान करते हैं**

## यदि आपका कोई प्रश्न है या आप कोई समस्या व्यक्त करना चाहते हैं तो आपके द्वारा उपयोग करने के लिए कई संसाधन नीचे दिए गए हैं।

### आपके व्यवसाय के भीतर संसाधन

चाहे आपका प्रश्न या शिकायत कुछ भी हो - चाहे उसमें कार्यस्थल की समस्या, सुरक्षा-संबंधी समस्या, या गैर-कानूनी या अनैतिक आचरण शामिल हो या नहीं - हम आपकी बात सुनना चाहते हैं। यदि आप कुछ कहना चाहते हैं, तो आपको इनमें से किसी भी संसाधन से संपर्क करना होगा।

- **सुपरवाइज़र -** आम तौर पर आपका सुपरवाइज़र आपकी समस्या का जल्द समाधान करने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में होता है। यदि आप अपने सुपरवाइज़र के साथ समस्या को व्यक्त करने में सहज महसूस नहीं करते, तो आप, नीचे बताए गए ढंग से, किसी अन्य स्थानीय प्रमुख से संपर्क कर सकते हैं।
- **मानव संसाधन -** आप अपने व्यवसाय के मानव संसाधन प्रतिनिधि से संपर्क कर सकते हैं।
- **डिविज़न नेतृत्व -** आपका स्थानीय या व्यावसायिक नेतृत्व (आपके कारखाना प्रबंधक, डिविज़न प्रेज़िडेंट या डिविज़न वित्त अधिकारी सहित) एक और विकल्प है।

### अतिरिक्त संसाधन

आपके लिए उपलब्ध उपरोक्त संसाधनों के अलावा, गैर-कानूनी या अनैतिक आचरण के बारे में समस्याओं की जानकारी देने के लिए TriMas आपके व्यवसाय से बाहर के संसाधन भी उपलब्ध कराती है।

- **TRIMAS कानूनी विभाग -** TriMas कानूनी विभाग आपकी सहायता कर सकता है, विशेष रूप से लागू कानूनों और नीतियों से जुड़े प्रश्नों के साथ। कृपया TriMas कानूनी विभाग से संपर्क करने के लिए legal@trimascorp.com पर ईमेल करें।
- **कर्मचारी नैतिकता हॉटलाइन**
  - युनाइटेड स्टेट्स में 1-800-971-4338 पर कॉल करें या युनाइटेड स्टेट्स से बाहर अन्य देशों के लिए टोल-फ्री नंबर ढूंढने के लिए https://trimascorp.ethicspoint.com पर जाएं।
  - https://trimascorp.ethicspoint.com पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से रिपोर्ट करें

युनाइटेड स्टेट्स में, और कुछ अन्य देशों में कानून द्वारा अनुमति के अनुसार, कर्मचारी नैतिकता हॉटलाइन का उपयोग करते समय आप गुमनाम रह सकते हैं। यूरोपीय संघ क्षेत्र के कुछ अन्य देशों में स्थानीय गोपनीयता कानूनों के कारण, हो सकता है हॉटलाइन केवल विशिष्ट प्रकार की कॉलों की इजाज़त दे, जैसे अकाउंटिंग, वित्तीय, ऑडिट और रिश्वतखोरी से जुड़े मामले। उन देशों में, अन्य समस्याओं की जानकारी देने के लिए ऊपर सूचीबद्ध किए गए कर्मचारियों के लिए संसाधनों में से किसी अन्य संसाधन से संपर्क करें।

TriMas की आंतरिक और बाहरी वेबसाइट्स पर नीतियां देखी जा सकती हैं।

# हमारी संहिता का परिचय




व्यावसायिक आचरण के सिद्धांत ........ 7

नैतिकता से निर्णय लेने की प्रक्रिया ........ 8

संहिता कब लागू होती है ........ 9

कौन सा कानून लागू होता है ........ 9

कर्मचारियों को क्या करना चाहिए ........ 10

प्रमुखों को क्या करना चाहिए ........ 11

उल्लंघन के लिए दंड ........ 13

व्याख्या, अनुमोदन और छूट ........ 13

शिकायत करने पर क्या होता है ........ 14

प्रतिशोध के विरुद्ध हमारा नियम ........ 15

# व्यावसायिक आचरण के सिद्धांत

हमारी आचार संहिता हमारे व्यवसाय के सिद्धांत और मूल्य दर्शाती है, और यह परिभाषित करती है कि एक कंपनी के रूप में हम दुनियाभर में कैसे आचरण करते हैं। हम नैतिकता और ईमानदारी के साथ कार्य करने, तथा हमारी सभी व्यावसायिक गतिविधियों में सत्यनिष्ठा के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी संहिता हमारे कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों के लिए व्यावसायिक आचरण के सिद्धांत प्रदान करती है ताकि हमारे नैतिक मानकों और सत्यनिष्ठा के लिए हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए वे उनका पालन कर सकें।

**इस संहिता की बुनियाद में व्यावसायिक आचरण के निम्न सिद्धांत शामिल हैं, जो विश्वास उत्पन्न करके उसे कायम रखने में महत्वपूर्ण हैं:**

- उन सभी लागू कानूनों, विनियमों, नीतियों और अनुबंधों का पालन करें जो हमारे व्यवसायों को नियंत्रित करते हैं।
- अपनी सभी व्यावसायिक गतिविधियों और संबंधों में ईमानदार, निष्पक्ष और भरोसेमंद बनें।
- एक दूसरे के साथ उचित व्यवहार करें और एक सुरक्षित, विविध और पर्यावरण की दृष्टि से ज़िम्मेदार कार्यस्थल को बढ़ावा दें।
- हमारी संपत्ति और जानकारी, और अन्य लोगों द्वारा हमें सौंपी गई संपत्ति और जानकारी को सुरक्षित रखें।
- कार्य और व्यक्तिगत मामलों के बीच हितों के टकराव, और ऐसे टकरावों की मौजूदगी, से बचें।
- बाज़ार में ज़िम्मेदारी से प्रतिस्पर्धा करें।
- प्रश्न पूछें, समस्याएं व्यक्त करें और आवाज़ उठाएं। कानूनों, कंपनी की नीति या इस संहिता के अनुपालन के बारे में आपकी किसी भी शिकायत की तुरंत जानकारी दें।
- सभी स्तरों पर नेतृत्व के माध्यम से, एक ऐसी संस्कृति बनाकर उसे कायम रखें जहां सभी कर्मचारियों द्वारा नैतिक आचरण पहचानकर उसे महत्व दिया जाता है और उसका पालन किया जाता है।

## सत्यनिष्ठा के लिए प्रतिबद्धता

# नैतिकता से निर्णय लेने की प्रक्रिया

खुद से ये प्रश्न पूछें

### क्या करना चाहिए

आज के तेज़ी से बदलते कार्यस्थल में, आप ऐसी अपरिचित स्थितियों का सामना कर सकते हैं जो नैतिक असमंजस पेश करती हैं। इन परिस्थितियों में, हमेशा यह स्पष्ट नहीं होता कि क्या करना सही है। इस वजह से, आपको संहिता की सामग्री से परिचित होना चाहिए। इस संहिता में प्रमुख नीति क्षेत्रों का व्यापक विवरण और उन क्षेत्रों के भीतर के उदाहरण मौजूद हैं। यह सर्व-समावेशी नहीं है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न होंगी जो यहां शामिल नहीं की गई हैं।

### उन स्थितियों के लिए, खुद से ये प्रश्न पूछें:

- क्या यह संभावित रूप से किसी भी लागू कानून, विनियम, नीति या अनुबंध का उल्लंघन करती है?
- क्या यह सही लगती है?
- क्या मुझे अपने सुपरवाइज़र या किसी अन्य स्थानीय प्रमुख से पूछना चाहिए?
- यदि इसे समाचारों में शामिल किया जाता तो कैसा होता?
- क्या मैं अपने परिवार को इसका विवरण देने में सहज महसूस करूंगा/करूंगी?
- क्या यह अनुचित लग सकती है?

### क्या देखना चाहिए

कभी-कभी किसी नैतिक समस्या को पहचानना मुश्किल होता है। जब आपको संदेह हो, तो अपने सुपरवाइज़र, अपने स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि या TriMas कानूनी विभाग से पूछें। किसी संभावित मुद्दे को इसलिए नज़रअंदाज़ न करें क्योंकि आपको लगता है कि:

- यह मेरा काम नहीं है।
- कंपनी चाहती है कि मैं ऐसा करूं।
- हर कोई करता है।
- कभी किसी को पता नहीं चलेगा।

यदि आप खुद को इन विचारों से घिरा हुआ पाते हैं, तो अपने कार्यों को दिशा प्रदान करने में मदद करने के लिए यहां दिए गए प्रश्न खुद से पूछें या प्रदान किए गए कर्मचारी संसाधनों में से किसी भी संसाधन से संपर्क करें।

TriMas

# संहिता कब लागू होती है



इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि आप कहां काम करते हैं या आप कंपनी के लिए क्या करते है, अच्छे निर्णय लेना तथा हमारी संहिता और नीतियों का पालन करना आपकी ज़िम्मेदारी है। हमारी संहिता हमारी कंपनी में सभी पर लागू होती है जिनमें, सभी स्तरों पर, कर्मचारियों, अधिकारियों और बोर्ड के सदस्यों सहित, TriMas की सभी वैश्विक सहायक कंपनियां और डिविज़न शामिल हैं। हम अपेक्षा करते हैं कि TriMas के साथ कारोबार करते समय तीसरे पक्ष, जिनमें हमारे आपूर्तिकर्ता, परामर्शदाता, एजेंट्स और सेवा प्रदाता शामिल हैं, ऐसे तरीके से काम करें जो हमारी संहिता के सिद्धांतों और मूल्यों के साथ संगत हो। हम सभी के लिए समय-समय पर यह स्वीकार करना आवश्यक है कि हमें संहिता प्राप्त हुई है और हम उसका अनुपालन कर रहे हैं। पूरी संहिता में, "कंपनी" का मतलब वे सभी सहयोगी कपनियां, डिविज़न, स्थान और व्यवसाय है जो TriMas समूह हिस्सा हैं। इस संहिता में ऐसा कुछ नहीं है जो कर्मचारियों को कानून द्वारा अनुमत किसी भी अधिकार का उपयोग करने से रोकता है।

# कौन सा कानून लागू होता है

TriMas दुनियाभर में कारोबार करती है। इसके परिणामस्वरूप, हमारे परिचालन कई देशों, प्रांतों, राज्यों और नगर पालिकाओं के कानूनों के अधीन हैं। हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती यह समझना है कि हमारे कई परिचालनों पर ये कानून कैसे लागू हो सकते हैं।

आम तौर पर युनाइटेड स्टेट्स के कानून TriMas और दुनियाभर में उसकी सहायक कंपनियों के सभी परिचालनों, तथा हमारे कर्मचारियों की व्यावसायिक गतिविधियों पर लागू होते हैं, चाहे वे जहां भी रहते और काम करते हैं। कभी-कभी, हम जिन दूसरे देशों में कारोबार करते हैं, वे अपनी सीमाओं से बाहर अपने नागरिकों और उनके कानूनों के तहत संगठित हमारी सहायक कंपनियों पर स्वयं अपने कानून लागू करते हैं।

कंपनी की नीतियों में युनाइटेड स्टेट्स और अन्य देशों, जहां हम कारोबार करते हैं, के कानूनों के संदर्भ इस वास्तविकता को दर्शाते हैं कि एक वैश्विक कंपनी एक ही समय पर कई अलग-अलग कानूनों द्वारा नियंत्रित होती है। यदि आप दो या अधिक देशों के कानूनों के बीच टकराव का सामना करते हैं तो TriMas कानूनी विभाग से संपर्क करें।

यद्यपि हम विविधता को अपनाते हैं और सांस्कृतिक अंतरों का सम्मान करते हैं, यदि कोई स्थानीय रीति रिवाज़ या कारोबारी प्रथा हमारी संहिता या कंपनी की किसी विशिष्ट नीति का उल्लंघन करती है, तो हमें संहिता या कंपनी की नीति का पालन करना होगा। यदि हमारी संहिता में अनुमत कोई चीज़ स्थानीय कानून का उल्लंघन करती है, तो हमें स्थानीय कानून का पालन करना होगा। यदि आप अनिश्चित हैं कि कोई स्थानीय कानून इस संहिता का उल्लंघन करता है या नहीं, तो TriMas कानूनी विभाग से संपर्क करें।

इस पूरी संहिता में, युनाइटेड स्टेट्स की मुद्रा और सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत (GAAP) के संदर्भों का यह मतलब युनाइटेड स्टेट्स से बाहर किए गए TriMas के कारोबार का विदेशी समकक्ष है।

# कर्मचारियों को क्या करना चाहिए



## संहिता का पालन करें

- व्यक्तिगत रूप से संहिता के प्रति प्रतिबद्ध हों।
- भले ही संहिता उसके विरुद्ध हो जो प्रबंधन द्वारा आपसे करने के लिए कहा गया है, आपके सहकर्मियों के बीच आपको अलोकप्रिय बनाती हो, आपके लिए और ज़्यादा काम उत्पन्न करती हो या किसी ग्राहक या आपूर्तिकर्ता के साथ संबंध को खतरे में डालती हो, तब भी उसका पालन करें। यदि आप ऐसा कुछ करने का दबाव महसूस करते हैं जो संहिता का उल्लंघन कर सकता है, तो आपको तुरंत अपनी समस्या व्यक्त करनी चाहिए, जैसा कि पहले कर्मचारियों के लिए संसाधन पृष्ठ पर बताया गया था।
- समय-समय पर यह प्रमाणित करें कि आपने संहिता को पढ़कर उसे समझ लिया है और उसका अनुपालन करते हैं।
- उन परिस्थितियों का खुलासा करें जिनके लिए संहिता के तहत अनुमोदन की आवश्यकता है।

## अपनी समस्याएं व्यक्त करें

- कर्मचारियों के लिए संसाधन के अंतर्गत सूचीबद्ध किए गए उपलब्ध विकल्पों में से किसी भी विकल्प का उपयोग करके वास्तविक या संदिग्ध गैर-कानूनी, अनैतिक या असुरक्षित आचरण के बारे में कोई भी समस्या तुरंत व्यक्त करें।
- कंपनी की जांच में पूरी तरह और ईमानदारी से सहयोग करें।
- यदि आप ऐसा देखते या मानते हैं कि कंपनी को किसी बाहरी जांच, मुकदमेबाज़ी के मामले अथवा अन्य कानूनी या सरकारी कार्रवाई का सामना करना होगा तो TriMas कानूनी विभाग को सूचित करें।
- कंपनी की इस नीति या अन्य किसी भी नीति में ऐसा कुछ भी नहीं है जो संभावित कानूनी उलंघनों के संबंध में किसी भी सरकारी एजेंसी या आयोग, जिसमें प्रतिभूति और विनिमय आयोग शामिल है, के साथ, कंपनी को खुलासा किए बिना, जैसा कि मुखबिर कानूनों के तहत संरक्षित है, संचार करने या जानकारी प्रदान करने की आपकी क्षमता को सीमित करता है।
- साफ़ नीयत से सत्यनिष्ठा या अनुपालन से जुड़ी समस्याओं को व्यक्त करने के लिए कंपनी आपके विरुद्ध कार्रवाई नहीं करेगी।

## अनुपालन के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा करें

- आपके कार्य और हमारी कंपनी के लिए प्रासंगिक कानूनों, विनियमों, नीतियों और अनुबंधों को समझें।
- आपको असाइन किए गए प्रासंगिक प्रशिक्षणों को तुरंत पूरा करें।



हमारी प्रतिबद्धता और मूल्य
कर्मचारियों के लिए संसाधन
हमारी संहिता का परिचय
एक-दूसरे के प्रति हमारी प्रतिबद्धता
हमारे शेयरधारकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता
हमारे व्यावसायिक साझेदारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता
कानून के प्रति हमारी प्रतिबद्धता

# प्रमुखों को क्या करना चाहिए

कॉर्पोरेट, डिविज़न, कारखाना और स्थानीय प्रमुखों की अतिरिक्त ज़िम्मेदारियां हैं। TriMas या हमारे व्यवसाय समूह के किसी भी व्यवसाय में एक प्रमुख के रूप में, आपको निम्न भी करना होगा:

### सही उदाहरण प्रस्तुत करें

- संहिता को जानें। अन्य कर्मचारियों द्वारा अनुसरण करने के लिए मज़बूत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, शब्दों और आचरण के साथ संहिता पर अमल करें।
- संहिता के बारे में कर्मचारियों के प्रश्नों के उत्तर देने के लिए तैयार रहें।
- स्वयं अपने शब्दों और आचरण के माध्यम से ईमानदारी के साथ नेतृत्व करें – रोज़ाना।
- यह प्रदर्शित करें कि नैतिक आचरण और कंपनी की नीतियों का अनुपालन कारोबार की ज़रूरतों और परिणामों से ज़्यादा महत्वपूर्ण हैं।
- हमारे अनुपालन कार्यक्रम प्रशिक्षण और पहलों का समर्थन करें, तथा अपने कर्मचारियों को ऐसा करने के लिए प्रेरित करें।

### जानकारी देने के लिए खुला परिवेश स्थापित करें

- एक ऐसे परिवेश को बढ़ावा दें जहां कर्मचारी कोई प्रश्न पूछने या समस्या व्यक्त करने में सुरक्षित महसूस करें।
- कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर उनपर चर्चा करने के लिए स्वयं उपलब्ध रहें।
- एक सम्मानजनक और आश्वस्त करने वाले तरीके से अतिरिक्त जानकारी मांगें।
- कर्मचारियों को यह याद दिलाएं कि हमारे यहां साफ़ नीयत से दी गई किसी भी जानकारी के लिए प्रतिशोध लेने की सख़्त मनाही है।
- मुद्दों को आपके ध्यान में लाने के लिए कर्मचारियों को धन्यवाद दें।

हर रोज़ ईमानदारी के साथ काम करना

# प्रमुखों को क्या करना चाहिए



### किसी समस्या के लिए प्रतिक्रिया करने का तरीका जानना

- कार्यस्थल से संबंधित किसी समस्या, जैसे किसी सहकर्मी के साथ रोज़ाना कोई समस्या या कंपनी के फ़ायदों के बारे में कोई प्रश्न, की स्थिति में, कर्मचारी को सही समय पर प्रतिक्रिया देने में मदद करने के लिए उस समस्या को दूर करने के लिए तुरंत कार्रवाई करें अथवा अपने सुपरवाइज़र या स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि से संपर्क करें।
- सत्यनिष्ठा से संबंधित किसी समस्या, जैसे किसी गैर-कानूनी या अनैतिक आचरण का आरोप, की स्थिति में, कंपनी में अधिक वरिष्ठ व्यक्ति, TriMas कानूनी विभाग या कर्मचारी नैतिकता हॉटलाइन को उसकी जानकारी दें।
- ऐसा कोई भी कर्मचारी जो साफ़ नीयत से वास्तविक या संदिग्ध दुर्व्यवहार के बारे में जानकारी देता है, उसके विरुद्ध प्रतिशोध को रोकें, और ऐसे किसी भी कर्मचारी को अनुशासित करें जो बदला लेता है या बदला लेने देता है।
- यदि कोई कर्मचारी आपसे संहिता या किसी लागू कानून, विनियम या नीति का विवरण देने या उसे लागू करने के लिए कहता है और आप अनिश्चित हैं कि कैसे प्रतिक्रिया दें, तो TriMas कानूनी विभाग से संपर्क करें।
- कभी भी सत्यनिष्ठा से संबंधित किसी समस्या की स्वयं जांच न करें या किसी बाहरी जांचकर्ता को यह काम न सौंपें।

### वरिष्ठ अधिकारियों के लिए विशेष ज़िम्मेदारियां

यद्यपि यह संहिता सभी पर लागू होती है, चीफ़ एग्ज़िक्यूटिव ऑफ़िसर, चीफ़ फ़ाइनैंशियल ऑफ़िसर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों पर उल्लंघनों की जानकारी देने की ज़्यादा ज़िम्मेदारी है। विशेष रूप से, ये व्यक्ति निम्न को ऑडिट कमेटी के ध्यान में लाएंगे:

- वित्तीय डेटा को रिकॉर्ड, संसाधित या सूचित करने की कंपनी की क्षमता को प्रभावित करने वाले आंतरिक नियंत्रणों के डिज़ाइन या संचालन में महत्वपूर्ण कमियां।
- कोई भी धोखाधड़ी (आर्थिक या अन्यथा) जिसमें प्रबंधन या महत्वपूर्ण वित्तीय रिपोर्टिंग या आंतरिक नियंत्रण दायित्वों वाले कर्मचारी शामिल हों।
- स्वयं उन्हें या किसी भी वरिष्ठ अधिकारी को शामिल करते हुए कोई भी हितों का टकराव।
- किसी भी कानून, विनियम, इस संहिता या कंपनी की नीति का भौतिक उल्लंघन।

# उल्लंघन के लिए दंड

कर्मचारियों के लिए इस संहिता को जानना और इसका पालन महत्वपूर्ण है। इस संहिता और कंपनी की कुछ नीतियों के उल्लंघन का मतलब कोई कानून तोड़ना, आपको तथा कंपनी को आपराधिक दंड (जुर्माना, जेल की सज़ा या दोनों) और दीवानी प्रतिबंध (क्षतिपूर्ति या जुर्माना) के जोखिम में डालना भी हो सकता है। हमें आपराधिक और नागरिक प्राधिकरणों को उल्लंघनों की जानकारी देने की आवश्यकता हो सकती है।

इस संहिता या लागू कानूनों, विनियमों, नीतियों या अनुबंधों का उल्लंघन करने वाले कर्मचारी, अधिकारी और निदेशक अनुशासनात्मक कार्रवाई के अधीन हैं जिसमें रोज़गार या सेवा की समाप्ति शामिल है। दुर्व्यवहार जिसके परिणामस्वरूप अनुशासनहीनता हो सकती है, उसमें शामिल हैं:

- संहिता या कंपनी की किसी विशिष्ट नीति का उल्लंघन करने वाले कार्य।
- किसी व्यक्ति को संहिता या कंपनी की किसी विशिष्ट नीति का उल्लंघन करने का निर्देश देना।
- संहिता या कंपनी की किसी विशिष्ट नीति के किसी ज्ञात या संदिग्ध उल्लंघन की तुरंत जानकारी देने में विफलता।
- संहिता या कंपनी की किसी विशिष्ट नीति के संभावित उल्लंघनों की किसी भी जांच में सहयोग करने में विफलता।
- किसी समस्या की जानकारी देने के खिलाफ़ किसी अन्य कर्मचारी को धमकाना या उससे बदला लेना।
- कंपनी की नीतियों और लागू कानून का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक नेतृत्व और तत्परता का प्रदर्शन करने में विफलता।
- जानबूझकर इस संहिता या कंपनी की किसी विशिष्ट नीति के किसी ऐसे उल्लंघन की जानकारी देना जो गलत या भ्रामक हो।

# व्याख्या, अनुमोदन और छूट

### व्याख्या

संहिता को संगत रूप से लागू करना अनिवार्य है। किसी भी विशिष्ट स्थिति के लिए इस संहिता या किसी भी लागू कानून, विनियम, नीति या अनुबंध की व्याख्या करने और उसे लागू करने के लिए, अपने व्यवसाय में किसी भी संसाधन से संपर्क करें, जिसमें आपका सुपरवाइज़र, स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि या TriMas कानूनी विभाग शामिल है।

### अनुमोदन

सहिता के कुछ अनुभागों में, किसी भी विशेष गतिविधि में शामिल होने से पहले आपको किसी सुपरवाइज़र, अपने व्यवसाय या स्थान के वरिष्ठ प्रमुख या TriMas कानूनी विभाग से स्वीकृति लेनी होगी। यदि आपको स्वीकृति लेने की आवश्यकता है तो हमेशा इस बारे में संहिता के निर्देशों का पालन करें कि किससे संपर्क करना है।

### छूट

असाधारण परिस्थितियों में, कोई कर्मचारी संहिता के अधीन छूट की मांग कर सकता है। कर्मचारी संहिता छूट का कोई भी अनुरोध TriMas के चीफ़ एग्ज़िक्यूटिव ऑफ़िसर और TriMas कानूनी विभाग को भेजा जाना चाहिए। TriMas के एग्ज़िक्यूटिव ऑफ़िसर या निदेशक के लिए संहिता में छूट केवल TriMas के निदेशक बोर्ड द्वारा प्रदान की जा सकती है।



हमारी प्रतिबद्धता और मूल्य
कर्मचारियों के लिए संसाधन
हमारी संहिता का परिचय
एक-दूसरे के प्रति हमारी प्रतिबद्धता
हमारे शेयरधारकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता
हमारे व्यावसायिक साझेदारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता
कानून के प्रति हमारी प्रतिबद्धता

# शिकायत करने पर क्या होता है

### गैर-कानूनी या अनैतिक आचरण के बारे में शिकायतों की जांच की जाएगी

- साक्षात्कारों, दस्तावेज़ों की समीक्षा या अन्य उचित साधनों के माध्यम से तथ्य निर्धारित करने के लिए जांच की जाएगी।
- जांच के आधार पर, कंपनी यह निर्धारित करेगी कि उसमें शामिल व्यक्तियों पर क्या कार्रवाई, यदि कोई है, की जानी चाहिए।

### गोपनीयता कायम रखी जाती है

जब आप कर्मचारी नैतिकता हॉटलाइन से संपर्क करते हैं, तो आपको अपनी पहचान बताने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इससे हमारे लिए आपके साथ संचार करना और शिकायतों की जांच करना आसान बन जाता है। यदि आप अपना नाम प्रदान करते हैं, तो हम आपकी पहचान को जितना संभव हो सके उतना गुप्त रखेंगे, जो एक संपूर्ण जांच करने के साथ संगत होगा। हालांकि, यदि आप चाहें, तो आप गुमनाम रूप से भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

शिकायतें दर्ज करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया **वैश्विक मुखबिर नीति** की समीक्षा करें। याद रखें: आवाज़ उठाएं। प्रश्न पूछें। उत्तर प्राप्त करें।

### नैतिकता पर चर्चा

**मैंने कर्मचारी नैतिकता हॉटलाइन के माध्यम से दुर्व्यवहार की शिकायत की थी, लेकिन मैंने कभी भी किसी जांच या अन्य कार्रवाई के बारे में नहीं सुना।**

यदि आप कर्मचारी नैतिकता हॉटलाइन का उपयोग करते हैं और गुमनाम रहते हैं, तो आपको अपनी शिकायत की जांच से जुड़े संदेशों या प्रश्नों को वापस देखने के लिए हॉटलाइन द्वारा प्रदान किया गया इस्तेमाल करना होगा। चूंकि कंपनी जांच और कर्मचारी अनुशासन के मामलों को जितना संभव हो सके उतना गुप्त रखती है, इसलिए हो सकता है हमेशा आपको परिणामों की जानकारी न दी जाए। किसी भी जांच की तरह, पूरा सहयोग करें और सभी प्रश्नों के उत्तर पूरी तरह और ईमानदारी से दें।



# प्रतिशोध के विरुद्ध हमारा नियम

TriMas में, हम खुले, ईमानदारी-भरे संचार का सम्मान करते हैं और एक ऐसी संस्कृति विकसित करने की कोशिश करते हैं जहां हम प्रतिशोध के डर के बिना प्रश्न पूछने और समस्याओं को व्यक्त करने में सहज महसूस करें। हम ऐसे किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिशोध को बर्दाश्त नहीं करेंगे जो, साफ़ नीयत से, आवाज़ उठाता है, मदद मांगता है अथवा संहिता, TriMas के मुख्य मूल्यों या कानून के वास्तविक या संदिग्ध उल्लंघनों के बारे में किसी जांच में हिस्सा लेता है। अन्य शब्दों में, ईमानदारी से शिकायत करने को रोज़गार-संबंधी प्रतिकूल कार्रवाई करने के कारण के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, जैसे निष्कासन, पदावनति, पुनः नियुक्ति, निलंबन, फ़ायदे ख़त्म करना, धमकी या उत्पीड़न।

हमारी नीति ऐसे किसी भी कर्मचारी, अधिकारी या निदेशक के विरुद्ध प्रतिशोध को सख़्ती से रोकती है जो साफ़ नीयत से कोई समस्या व्यक्त करता है अथवा संहिता या नीतियों, या लागू कानूनों, विनियमों या अनुबंधों के किसी वास्तविक या संदिग्ध उल्लंघन के प्रबंधन या जांच में सद्भावना से भाग लेता है (भले ही अंततः उस शिकायत का कोई सबूत न हो)। किसी भी कर्मचारी, अधिकारी या निदेशक को साफ़ नीयत से कोई समस्या व्यक्त करने या किसी शिकायत के प्रबंधन या जांच में सद्भावना से भाग लेने के परिणामस्वरूप निष्कासित, पदावनत, निलंबित, धमकाया, परेशान, डराया नहीं जाना चाहिए, उसके साथ ज़बरदस्ती या किसी भी अन्य तरीके से बदला लेने की कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए।

यदि आपको ऐसा लगता है कि आपके विरुद्ध जवाबी कार्रवाई की गई है, तो अपनी आवाज़ उठाएं। बदला लेने की कार्रवाई के विरुद्ध हमारी प्रतिबद्धता में किसी सरकारी एजेंसी के माध्यम से या किसी बाहरी जांच के संबंध में जानकारी देने वाले कर्मचारी शामिल हैं।

आवाज़ उठाएं

# संहिता की नीतियां



एक-दूसरे के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ........ 17
- स्वास्थ्य और सुरक्षा ........ 18
- पर्यावरण और स्थिरता ........ 19
- नशीले पदार्थों का सेवन और कार्यस्थल पर हिंसा ........ 20
- निष्पक्ष रोज़गार आचरण ........ 21
- विविधता, समानता और समावेशन ........ 23
- गोपनीयता ........ 24

हमारे शेयरधारकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ........ 25
- उत्पादों की प्रामाणिकता और गुणवत्ता ........ 26
- संपत्ति का संरक्षण ........ 27
- हितों के टकराव ........ 28
- वित्तीय ज़िम्मेदारी और प्रकटीकरण ........ 29
- इनसाइडर ट्रेडिंग ........ 30
- बाहरी संचार ........ 31

हमारे व्यावसायिक साझेदारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ........ 32
- व्यावसायिक संबंध ........ 33
- उपहार और व्यावसायिक मनोरंजन ........ 34
- अभियान हेतु वित्तीय प्रबंधन और प्रचार ........ 35

कानून के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ........ 36
- भ्रष्टाचार का विरोध ........ 37
- प्रतिस्पर्धा कानूनों का अनुपालन ........ 38
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियंत्रण ........ 39

# एक-दूसरे के प्रति हमारी प्रतिबद्धता




स्वास्थ्य और सुरक्षा ..... 18
पर्यावरण और स्थिरता ..... 19
नशीले पदार्थों का सेवन और कार्यस्थल पर हिंसा ..... 20
निष्पक्ष रोज़गार आचरण ..... 21
विविधता, समानता और समावेशन ..... 23
गोपनीयता ..... 24

# स्वास्थ्य और सुरक्षा

**हम अपने कर्मचारियों, ठेकेदारों, ग्राहकों और आगंतुकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी स्वास्थ्य और सुरक्षा नीतियां और कार्यप्रणालियां सुरक्षित तरीके से काम करने में आपकी मदद करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।**

## क्या जानना चाहिए

- सुरक्षा सभी की ज़िम्मेदारी है। आपको इस बात पर ज़ोर देना होगा कि सुरक्षित तरीके से काम किया जाना चाहिए, चाहे आपका कार्य जो भी हो।
- हम अपने परिचालनों पर स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी लागू कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं।
- हम सुरक्षित कार्य प्रणालियां विकसित करते हैं, और प्रत्येक कर्मचारी से उनका पालन करने की अपेक्षा करते हैं।



## क्या करना चाहिए

- अपना कार्य सुरक्षित ढंग से और लागू होने वाली स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी नीतियों तथा मानकों के साथ संगत तरीके से करें, जिनमें निम्न असुरक्षित गतिविधियों और परिस्थितियों से बचना शामिल है:
  - निर्धारित सुरक्षा उपकरण, जैसे सुरक्षा चश्मा या दस्ताने, का उपयोग करने, अथवा सुरक्षा-संबंधी संकेतों का पालन करने में विफलता।
  - ध्यान दिए बिना या लापरवाह तरीके से वाहन चलाना।
  - गिरने से सुरक्षा के बिना ऊंची जगहों पर काम करना।
  - उपकरणों और मशीनों पर सुरक्षा नियत्रणों या रक्षक पट्टियों को निरस्त करना।
  - नंगी या असुरक्षित तारें।
  - सुरक्षा निकासों में रुकावट।
- कोई भी नई गतिविधि या प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी प्रभावों और समस्याओं का आकलन करना।
- आपकी कार्य गतिविधि से जुड़े किसी भी पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए विधियों को पहचानना।
- आपके सुपरवाइज़र या पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा (EHS) ऑनसाइट समन्वयक को किसी भी दुर्घटना, चोट, व्यावसायिक बीमारी और असुरक्षित कार्यप्रणालियों या परिस्थितियों की जानकारी देना।

### नैतिकता पर चर्चा

**आपको हमेशा आवाज़ उठानी चाहिए और समस्या व्यक्त करनी चाहिए यदि:**

- आपसे ऐसा कोई काम करने के लिए कहा जाता है जिसे आप असुरक्षित मानते हैं।
- आपसे ऐसा कोई काम करने के लिए कहा जाता है जिसके लिए आपको लगता है कि उसे करने के लिए आप ठीक से प्रशिक्षित नहीं हैं और यह कि उससे आपको या दूसरों को नुकसान पहुंच सकता है।
- आप किसी व्यक्ति को ऐसा कोई काम करते हुए देखते हैं जो आपको लगता है असुरक्षित है या यह कि उसे करने के लिए वह व्यक्ति ठीक से प्रशिक्षित नहीं है।
- आपको संदेह है कि कोई वाहन या उपकरण का हिस्सा ठीक से काम नहीं कर रहा है और असुरक्षित हो सकता है।
- आप स्वयं अपने या दूसरों के लिए कोई असुरक्षित परिस्थिति या संभावित खतरा देखते हैं अथवा आपको उसके बारे में बताया जाता है।

# पर्यावरण और स्थिरता

**हम मानवीय स्वास्थ्य, प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए समर्पित हैं। पर्यावरण से जुड़े हमारे सिद्धांत हमारी दैनिक व्यावसायिक प्रथाओं के संचालन में दुनियाभर में TriMas के कर्मचारियों का मार्गदर्शन करते हैं।**

### क्या जानना चाहिए

- हम पर्यावरण की दृष्टि से ज़िम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देते हैं।
- हम ऐसे कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो पर्यावरण को पुनर्स्थापित और उसका संरक्षण करते हैं।
- हम उत्पाद जीवन चक्र के प्रत्येक चरण में अपशिष्ट और प्रदूषक तत्वों को कम करने, संसाधनों के संरक्षण और सामग्री के पुनर्चक्रण के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम प्रदूषक उत्सर्जनों को कम करने के लिए तकनीकों के विकास और उन्हें लागू करने के लिए प्रयास करना जारी रखेंगे।
- निरंतर सुधार के लिए प्रयास करते हुए, हम पर्यावरण तथा उन समुदायों पर अपने परिसरों और उत्पादों के प्रभाव का लगातार आकलन करेंगे जहां हम रहते और कार्य करते हैं।
- पर्यावरण अनुपालन के अलावा, TriMas हमारे कार्यों में स्थिरता के लिए भी प्रतिबद्ध है। पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में निम्न शामिल हैं:
  - पर्यावरणीय प्रदर्शन में निरंतर सुधार तथा अपशिष्ट, पानी की खपत और ऊर्जा के उपयोग में कमी।
  - प्रदूषण की रोकथाम।
  - हमारी व्यावसायिक प्रथाओं में मज़बूत पर्यावरण प्रथाओं का एकीकरण जिनमें खरीद और उत्पाद डिज़ाइन, परीक्षण, विनिर्माण और समर्थन शामिल हैं।
  - नए उत्पाद या प्रक्रियाएं विकसित करते हुए, उत्पादन सामग्री चुनने में और संपत्ति खरीदने, किराए पर देने या बेचने से पहले पर्यावरणीय प्रभावों पर विचार करना।

### क्या करना चाहिए

- पर्यावरण-संबंधी सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करें तथा हमारी पर्यावरणीय अनुमतियों और लाइसेंसों की आवश्यकताओं, सीमाओं, और परिस्थितियों का पालन करें।
- यह सुनिश्चित करें कि पर्यावरण-संबंधी फ़ॉर्म्स और प्रकटीकरणों में रिकॉर्ड की गई जानकारी सही और सटीक है।
- मूल कारणों को समझने और ठीक करने के लिए अनियोजित पर्यावरणीय निकासों की सख़्ती से जांच करें।
- विनियमित सामग्री और रसायनों के प्रबंधन, शिपिंग, परिवहन, निर्यात/आयात, पुनर्चक्रण या निपटान के लिए कंपनी की नीतियों का पालन करें।
- सरकारी एजेंसियों की ओर से उचित जानकारी हेतु अनुरोधों के लिए तुरंत और सही जवाब दें।
- जैसे ही आपको किसी भी पर्यावरण-संबंधी कानून, विनियम, अनुमति, लाइसेंस या TriMas की पर्यावरण-संबंधी नीतियों या कार्यप्रणालियों का कोई भी उल्लंघन या संभावित उल्लंघन के बारे में पता चलता है, तो अपने सुपरवाइज़र, अपने स्थानीय EHS कर्मचारियों या TriMas कानूनी विभाग से संपर्क करें।
- हमारी पहल के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया TriMas की वेबसाइट पर मौजूद हमारी **संपोषणीयता की रिपोर्टों** की समीक्षा करें।

### नैतिकता पर चर्चा

**मैंने गलती से शॉप फ़्लोर पर तेल का डिब्बा गिरा दिया था। उसका दायरा सीमित था। क्या मुझे इसकी जानकारी देनी चाहिए?**

हां। आपको तुरंत अपने सुपरवाइज़र को घटना की जानकारी देनी चाहिए क्योंकि इसमें नुकसान पहुंचने का जोखिम है, कारण निर्धारित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए जिसकी जांच की जानी चाहिए कि किसी भी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उचित उपाय मौजूद हैं। हमारे कर्मचारियों, हमारे परिसरों में आने वाले लोगों और पर्यावरण को नुकसान पहुंचने से बचाने के लिए साफ़-सफ़ाई और निपटान की उचित कार्यप्रणालियों का पालन किया जाना चाहिए।

# नशीले पदार्थों का सेवन और कार्यस्थल पर हिंसा

**सुरक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता में यह सुनिश्चित करना शामिल है कि हमारे कार्यस्थल हिंसा और ऐसे नशीले पदार्थों से मुक्त हों जो गैर-कानूनी हैं या हमारे कार्य करने की हमारी क्षमता को हानि पहुंचा सकते हैं।**

## क्या जानना चाहिए

- नशीले पदार्थों या शराब के नशे में काम करना स्वयं आपको और दूसरों के लिए अस्वीकार्य सुरक्षा जोखिम उत्पन्न करता है तथा आपके निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करता है। इसलिए हमारे यहां कर्मचारियों के लिए इन पदार्थों के नशे में काम करने की सख़्त मनाही है। TriMas के व्यवसाय में रहते हुए कोई भी व्यक्ति नशीले पदार्थों या शराब की वजह से कम क्षमता के साथ कार्यस्थल पर नहीं आएगा, कार्यस्थल पर मौजूद नहीं रहेगा या वाहन नहीं चलाएगा। नशीले पदार्थों में गैर-कानूनी दवाइयां, नियंत्रित पदार्थ या निर्धारित दवाई का दुरुपयोग शामिल हो सकते हैं।
- यदि आपको किसी नशीले पदार्थ या शराब का सेवन करने की समस्या है, तो आपको योग्य पेशेवरों और, जहां उपलब्ध हो, कर्मचारी सहायता कार्यक्रम से सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
- ऐसे उदाहरण हो सकते हैं जहां कंपनी का काम, जैसे ग्राहक मीटिंग, करते हुए मादक पेय पीने की अनुमति है, लेकिन यह सुनिश्चित करें कि आप सभी कानूनों और कंपनी की नीतियों का पालन करते हैं, और हमेशा संयम बरतें तथा अच्छी तरह फैसला लें।
- TriMas कार्यस्थल पर हिंसा को बर्दाश्त नहीं करती। आपके लिए ऐसे किसी भी कार्य में शामिल होना प्रतिबंधित है जिसके कारण कोई अन्य व्यक्ति भयभीत या असुरक्षित महसूस कर सकता है। इसमें अपशब्द कहना, धमकाना अथवा बैर, डराने-धमकाने, आघात या यातना की कोई भी अभिव्यक्ति शामिल है।
- हम कंपनी के परिसरों (पार्किंग स्थलों सहित), कानून द्वारा अनुमत सीमा तक, कंपनी के अपने या किराए पर लिए गए वाहनों में, या कंपनी का कार्य करते हुए बंदूकें, विस्फोटक या गैर-कानूनी हथियार रखना निषेध करते हैं।

## क्या करना चाहिए

- TriMas के परिसरों के अंदर या बाहर शराब, गैर-कानूनी नशीले पदार्थों या नियंत्रित पदार्थों के नशे में काम न करें।
- परिसरों में काम करते हुए गैर-कानूनी नशीले पदार्थों या नियंत्रित पदार्थों को अपने पास न रखें, उसका उपयोग, स्थानांतरण या वितरण न करें।
- किसी वैध निर्धारित दवाई या ओवर-द-काउंटर दवाई की वजह से कमज़ोरी महसूस करने पर काम न करें।
- कभी भी किसी व्यक्ति को धमकी न दें या हमारे कार्यस्थल पर हिंसक व्यवहार का प्रदर्शन न करें।
- दूसरों के बारे में सोचें और एक हिंसामुक्त कार्यस्थल को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए उचित व्यवहार का प्रदर्शन करें। हम शारीरिक नुकसान या हिंसा की हरकतों या खतरों, प्रतिकूल शारीरिक संपर्क, को निषेध करते हैं, जिनमें कंपनी की संपत्ति पर या कंपनी के परिचालनों के संबंध में डराना, परेशान या ज़बरदस्ती करना शामिल है।
- अपने सुपरवाइज़र या प्रबंधन के किसी अन्य सदस्य को ऐसे किसी वास्तविक या संभावित हिंसक व्यवहार की जानकारी दें जिससे दूसरों को जोखिम हो सकता है।

### नैतिकता पर चर्चा

**मुझे शक है कि एक साथी कर्मचारी कभी-कभी गैर-कानूनी नशीले पदार्थों या शराब के नशे में काम पर आता है। मैं क्या कर सकता/सकती हूं?**
अपने सुरवाइज़र या स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि से संपर्क करें जो स्थिति को संभालने के लिए उचित कदम उठाएंगे।

**मैं सुपरवाइज़र हूं और मेरे एक कर्मचारी ने मुझे बताया कि किसी सहकर्मी ने उसे "देख लेने" की धमकी दी है। मैं क्या करूं?**
हम धमकी देने की सभी सूचनाओं को गंभीरता से लेते हैं। किसी भी खतरे की गंभीरता का पूर्वानुमान लगाने की कोशिश न करें। अपने सुरवाइज़र या स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि से संपर्क करें जो स्थिति को संभालने के लिए उचित कदम उठाएंगे।

# निष्पक्ष रोज़गार आचरण

**निष्पक्ष रोज़गार आचरण हमारे व्यवसाय का एक अनिवार्य भाग है और सम्मान की संस्कृति में योगदान देने में मदद करता है। हम जहां भी काम करते हैं वहां लागू सभी श्रम और रोज़गार कानूनों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिनमें रोज़गार में भेदभाव, मानव तस्करी, जबरन मज़दूरी और कम उम्र के बच्चों को रोज़गार देने को प्रतिबंधित करने वाले कानून शामिल हैं। हम उन कानूनों का पालन करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं जो संघ की स्वतंत्रता और सामूहिक रूप से मोलभाव करने का अधिकार सुनिश्चित करते हैं।**

### क्या जानना चाहिए

- हम किसी भी प्रकार के भेदभाव को निषेध करते हैं और उत्पीड़न मुक्त परिवेश प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिसमें हम सभी के पास हमारी उच्चतम क्षमता से योगदान देने का अवसर होता है।
- यौन उत्पीड़न भी उत्पीड़न का एक रूप है। यौन उत्पीड़न में समान या अलग लिंग के व्यक्ति शामिल हो सकते हैं। सभी उत्पीड़नों की तरह, यौन उत्पीड़न की सख़्त मनाही है। यौन उत्पीड़न निम्न प्रकार से हो सकता है:
  - मौखिक: किसी भी रूप में, यौन संकेत, उत्तेजक टिप्पणियां, यौन प्रकृति के चुटकुले, यौन प्रस्ताव या धमकी।
  - अमौखिक: कामोत्तेजक वस्तुएं या चित्र, चित्रित टिप्पणियां, कामोत्तेजक या अपमानजनक ध्वनियां, बुरी नज़र से देखना, सीटी बजाना या अश्लील इशारे करना।
  - शारीरिक: अनचाहा शारीरिक संपर्क, जिसमें छूना, चिकोटी काटना, ज़बरदस्ती यौन क्रिया या मारपीट।
- हम लागू कानूनों के अनुरूप समान रोज़गार के अवसरों को बढ़ावा देते हैं।
- हम समान अवसर नियोक्ता हैं और हम योग्यता के आधार पर रोज़गार से जुड़े फैसले लेते हैं। हम किसी भी गैरकानूनी आधार पर रोज़गार के अवसरों में भेदभाव को निषेध करते हैं।
- हम जहां भी कारोबार करते हैं, और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के मानकों के अनुसार हम बाल मज़दूरी से जुड़े लागू कानूनों का पालन करते हैं। हम 16 साल से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को रोज़गार नहीं देते। यदि 16 और 18 साल के बीच आयु वाले बच्चों को रोज़गार दिया जाता है, तो हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यह कार्य उनके शैक्षिक अवसरों या दायित्वों को प्रभावित या बाधित नहीं करते, न ही उनके स्वास्थ्य या सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।
- हम जबरन मज़दूरी या गुलामी, अथवा किसी भी रूप में मानव तस्करी, का उपयोग या उसे सहन नहीं करते।
- हम लागू स्थानीय कानूनों के अनुसार कार्य-समय निर्धारित करने के साथ-साथ काम करने की उचित स्थिति प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम प्रतिशोध या धमकी के डर के बिना काम करने की स्थिति के संबंध में प्रबंधन से खुलकर बातचीत करने के कर्मचारियों के अधिकार को मान्यता देते हैं।
- हम ऐसे आपूर्तिकारों का चयन करने में सावधानी बरतते हैं जो सभी श्रमिकों के साथ गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और रोज़गार की इन प्रथाओं का अनुपालन करते हैं।

### नैतिकता पर चर्चा

**एक आपूर्तिकर्ता के यहां दौरे के दौरान, मैंने देखा जैसे उनके सभी कर्मचारियों की उम्र उस देश में काम करने की कानूनी उम्र से कम थी। मुझे क्या करना चाहिए?**
आपको अपने सुपरवाइज़र, डिविज़न प्रेज़िडेंट या TriMas कानूनी विभाग को TriMas के उन आपूर्तिकर्ताओं से जुड़ी कोई भी शिकायत करनी चाहिए जो स्थानीय कानून द्वारा प्रतिबंधित ढंग से काम कर रहे हैं। ऐसी शिकायतें दर्ज करना TriMas के मूल्यों का समर्थन करता है और यह पहचानने में हमारी मदद कर सकता है कि कोई आपूर्तिकर्ता TriMas के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का उल्लंघन कर रहा है या नहीं।

**मेरा मानना है कि उम्र की वजह से मेरी तरक्की नहीं हुई। मुझे क्या करना चाहिए?**
हमारी नीतियों के लिए ज़रूरी है कि उम्र की परवाह किए बिना रोज़गार से जुड़े सभी फैसले लिए जाएं। यदि आप ऐसा मानते हैं कि आपके साथ गलत तरीके से व्यवहार किया गया था, तो अपने स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि से संपर्क करें या सूचना देने के लिए हमारे किसी और संसाधन का उपयोग करें।

# निष्पक्ष रोज़गार आचरण



### क्या करना चाहिए

- नौकरी के लिए योग्यता और खूबियों, जैसे शिक्षा, अनुभव, कौशल और नौकरी से जुड़े अन्य मापदंड, के आधार पर रोज़गार से जुड़े फैसले लें।
- रोज़गार से जुड़े सभी फैसले लें, जिनमें, किसी व्यक्ति के लिंग, उम्र, जाति, रंग, धर्म, वैवाहिक स्थिति, राष्ट्रीय मूल, वंशावली, आनुवांशिक जानकारी, सेवानिवृत्त स्थिति, विकलांगता, लैंगिक रुझान, लैंगिक पहचान या अभिव्यक्ति, नागरिकता, वर्दीधारी सेवाओं की सदस्यता, या गर्भावस्था, प्रसव, या उससे संबंधित चिकित्सा स्थितियां, अथवा लागू कानून द्वारा संरक्षित किसी अन्य स्थिति पर विचार किए बिना, भर्ती, नौकरी देना, नौकरी का कार्यकाल तथा नौकरी के सभी नियम और शर्तें शामिल हैं।
- कभी भी उत्पीड़न करने वाले, अपमानजनक, अशिष्ट या प्रतिशोधी आचरण में शामिल न हों।
- यदि आप उत्पीड़न, भोदभाव या कार्यस्थल पर कोई अन्य उल्लंघन देखते हैं, उसका अनुभव करते हैं या आपको उसका शक है तो शिकायत दर्ज करें।
- किसी व्यक्ति की योग्यता, प्रदर्शन, और सफल होने की क्षमता के आधार पर रोज़गार से जुड़े सभी फैसले लें – जिनमें नौकरी देना, नौकरी से निकालना, भुगतान, तरक्की और काम सौंपना शामिल हैं।
- यदि आप इस नीति और स्थानीय नियमों या प्रथाओं के बीच टकराव का सामना करते हैं तो अपने सुपरवाइज़र, किसी स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि या TriMas कानूनी विभाग से संपर्क करें।
- यदि आपके काम में आपूर्तिकर्ताओं का चयन या प्रबंधन करना शामिल है, तो उचित मूल्यांकन करें। यह सुनिश्चित करें कि वे हमारी संहिता और कानून का अनुपालन करते हैं, और यह कि वे मौलिक मानवाधिकारों का सम्मान करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करते हैं।
- यदि आप इस नीति और स्थानीय नियमों या प्रथाओं के बीच टकराव का सामना करते हैं तो अपने सुपरवाइज़र, किसी स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि या TriMas कानूनी विभाग से संपर्क करें।
- अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया हमारी **मानव संसाधन नीति** की समीक्षा करें।

# विविधता, समानता और समावेशन

**हम विविधता को स्वीकार करते हैं, और लोगों के वास्तविक स्वरूप और हमारे कार्यस्थल पर उनके योगदान का सम्मान करते हैं। हम ऐसे कार्य परिवेशों को बढ़ावा देते हैं जो निष्पक्ष और सुरक्षित हैं, जहां अधिकारों का सम्मान किया जाता है और हर कोई अपनी पूरी क्षमता के मुताबिक काम कर सकता है। समावेशन और समानता के परिवेश – भागीदारी, सम्मान और समर्थन – को अपनाना यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि हम अपने सर्वोत्तम विचारों और सभी कर्मचारियों के योगदानों का पूरा लाभ उठाते हैं।**

## क्या जानना चाहिए

- विभिन्न प्रकार की विशिष्ट पृष्ठभूमियों, दृष्टिकोणों, प्रतिभाओं और अनुभवों को खोजकर हम अपनी सर्वश्रेष्ठ टीमें बनाते हैं। इससे हम ऐसी प्रतिभाओं को आकर्षित कर सकते हैं जो उन बाज़ारों और ग्राहकों की तरह विविध हैं जिन्हें हम अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं।
- TriMas में, हम किसी अनन्य चीज़ के रूप में विविधता को परिभाषित करते हैं जो हमें हमारा मौजूदा स्वरूप प्रदान करती है, जिसमें यह शामिल है कि हम कैसे सोचते हैं, हमारे काम की नैतिकता क्या है, हम कहां से हैं, हमारे अनुभव क्या हैं और हम कैसे दिखाई देते हैं।
- हम समावेशन को एक ऐसी संस्कृति और परिवेश बनाने वाली प्रक्रिया के रूप में परिभाषित करते हैं जो खुले विचारों वाला, सम्मानजनक और सभी को स्वीकार करने वाला हो।
- सभी कर्मचारियों के इनपुट को महत्व देकर, हम विश्वास और खुलेपन की भावना को बढ़ावा देते हैं।

## क्या करना चाहिए

- सहयोग में आने वाली रुकावटों को दूर करने के लिए सक्रिय रूप से काम करके एक ऐसा कार्यस्थल बनाएं जो समावेशी हो तथा सर्वश्रेष्ठ विचारों और समाधानों को सामने लाने के लिए कदम उठाएं।
- दूसरों के इनपुट को महत्व दें। खुद को किसी दूसरे व्यक्ति की जगह पर रखने की कोशिश करें और अपने विचार खुले रखें।
- ऐसी कई लोगों की बात सुनें जो हमारे ग्राहकों और उनकी ज़रूरतों को दर्शाते हैं।
- एक ऐसे कार्य परिवेश को बढ़ावा दें जो सीखने, सुधार करने और बेहतरी के लिए प्रयासों को प्रोत्साहित करता हो।
- अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट पर हमारे **विविधता, समानता और समावेशन कथन** की समीक्षा करें।

### नैतिकता पर चर्चा

**मेरा एक सहयोगी ऐसी ई-मेल भेजता है जिनमें कुछ राष्ट्रीय मूल के लोगों के बारे में चुटकुले और अपमानजनक टिप्पणियां होती हैं। उनसे मुझे असहज महसूस होता है और मैं उन्हें डिलीट कर देता/देती हूं। और किसी ने भी उनके बारे में आवाज़ नहीं उठाई है। क्या मुझे कुछ और करना चाहिए?**

हां, यह सुनिश्चित करना हर किसी की ज़िम्मेदारी है कि हम सम्मान की अपनी संस्कृति को बनाए रखते हैं। आपको अपने सुपरवाइज़र और मानव संसाधन प्रतिनिधि को सूचित करना चाहिए। अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट पर हमारे **विविधता, समानता और समावेशन कथन** की समीक्षा करें।



# गोपनीयता

**विश्वास किसी भी अच्छे संबंध का आधार होता है। हम अपने कर्मचारियों, ग्राहकों और, आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों सहित, व्यावसायिक साझेदारों के गोपनीयता अधिकारों का संरक्षण और सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ज़िम्मेदारी के साथ व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग करने के लिए प्रत्येक कर्मचारी के लिए हमारी नीतियों को जानना और उनका पालन करना ज़रूरी है।**

## क्या जानना चाहिए

- युनाइटेड स्टेट्स में, कई कानून ग्राहकों तथा कर्मचारियों के व्यक्तिगत डेटा और जानकारी (जैसे नाम, घर और कार्यालय की संपर्क जानकारी, वित्तीय जानकारी, चिकित्सा-संबंधी जानकारी और अन्य डेटा) को नियंत्रित करते हैं तथा कई देश ज़्यादा सख़्ती से ऐसी जानकारी को एकत्रित करके उसे इस्तेमाल करने को नियंत्रित करते हैं। हम ज़िम्मेदारी के साथ और दुनियाभर में लागू गोपनीयता कानूनों के अनुसार व्यक्तिगत डेटा और जानकारी का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- प्रत्येक कर्मचारी कंपनी के नियंत्रण के अधीन व्यक्तिगत डेटा और जानकारी की सुरक्षा के लिए ज़िम्मेदार है, और इस जानकारी की सुरक्षा के लिए उसे कंपनी की सभी नीतियों तथा सुरक्षा दिशानिर्देशों से परिचित होना चाहिए।
- यूरोपीय संघ के कर्मचारियों के व्यक्तिगत डेटा के लिए विशेष नियम लागू होते हैं, और वे हमारी वेबसाइट पर हमारी **वैश्विक डेटा निजता नीति** और **निजता नीति** में शामिल हैं।
- इस बारे में अवगत रहें कि आप जो कुछ भी लिखते, भेजते, अपने सिस्टम में डाउनलोड या स्टोर करते हैं वह कंपनी की संपत्ति है, और हम आपके उपयोग की निगरानी कर सकते हैं। हमारे सिस्टम का उपयोग करते समय आपको गोपनीयता की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

### नैतिकता पर चर्चा

**किसी ने गलती से मुझे एक मानव संसाधन की रिपोर्ट ईमेल कर दी थी जिसमें कर्मचारियों के नाम, पते और सामाजिक सुरक्षा नंबर मौजूद थे। क्या मुझे केवल उसे बंद कर देना चाहिए और ऐसे दिखावा करना चाहिए कि मैंने उसे नहीं देखा?**
नहीं, यदि आप उसे एक्सेस करने में सक्षम थे, तो उचित अधिकार या जानने की आवश्यकता के बिना दूसरे लोग भी उसे एक्सेस कर सकते हैं। अपने सुपरवाइज़र, किसी स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि या TriMas कानूनी विभाग से संपर्क करें।


## क्या करना चाहिए

- जिन स्थानों से व्यक्तिगत डेटा एकत्रित किया जाता है तथा जिन स्थानों पर उसे संसाधित या इस्तेमाल किया जाता है वहां के कानूनों और विनियमों को समझकर उनका पालन करें।
- ऐसे व्यक्तिगत डेटा के बारे में अवगत रहें जो विशिष्ट कानूनों के अधीन है, जैसे ग्राहकों की वित्तीय जानकारी, स्वास्थ्य-संबंधी डेटा और बच्चों की जानकारी, तथा कोई भी प्रश्न होने पर किसी स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि या TriMas कानूनी विभाग से संपर्क करें।
- केवल वही व्यक्तिगत डेटा एकत्रित, संसाधित और इस्तेमाल करें, वैध व्यावसायिक उद्देश्य के लिए आपको जिसकी आवश्यकता है। कुछ व्यक्तिगत डेटा संवेदनशील होता है और लागू कानून के आधार पर उसके लिए संरक्षण के अतिरिक्त स्तर तथा अधिक देखभाल की आवश्यकता होती है।
- ऐसे किसी भी व्यक्ति को कंपनी की जानकारी का खुलासा न करें जिसे अपना काम करने के लिए उस जानकारी को जानने की ज़रूरत नहीं है। यदि किसी तीसरे पक्ष को जानकारी की आवश्यकता है, तो यह सुनिश्चित करें कि जानकारी की सुरक्षा के लिए एक गोपनीयता समझौता लागू है।
- आपकी नौकरी में प्राप्त हुई रोज़गार जानकारी का उपयोग केवल निर्दिष्ट व्यावसायिक उद्देश्य के लिए करें – व्यक्तिगत उद्देश्य या कंपनी के बाहर के व्यक्तियों के फ़ायदे के लिए उसका उपयोग नहीं किया जा सकता।
- गोपनीय जानकारी को अनधिकृत खुलासे से बचाने के लिए पर्याप्त देखभाल के साथ उसका प्रबंधन करें।
- हमारी **रिकॉर्ड्स प्रबंधन नीति** के अनुसार व्यक्तिगत डेटा को कायम रखें और उसका निपटान करें।
- यदि आपको पता चलता है कि इस नीति का उल्लंघन करके व्यक्तिगत डेटा का उपयोग किया गया है, या यदि आपको पता चलता है कि ऐसे किसी सिस्टम, उपकरण या दस्तावेज़, जिसमें व्यक्तिगत डेटा मौजूद है, की सुरक्षा का उल्लंघन किया गया है, तो अपने सुपरवाइज़र या TriMas कानूनी विभाग को सूचित करें।



हमारी प्रतिबद्धता और मूल्य
कर्मचारियों के लिए संसाधन
हमारी संहिता का परिचय
एक-दूसरे के प्रति हमारी प्रतिबद्धता
हमारे शेयरधारकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता
हमारे व्यावसायिक साझेदारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता
कानून के प्रति हमारी प्रतिबद्धता

# हमारे शेयरधारकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता




उत्पादों की प्रामाणिकता और गुणवत्ता ..... 26
संपत्ति का संरक्षण ..... 27
हितों के टकराव ..... 28
वित्तीय ज़िम्मेदारी और प्रकटीकरण ..... 29
इनसाइडर ट्रेडिंग ..... 30
बाहरी संचार ..... 31

# उत्पादों की प्रामाणिकता और गुणवत्ता

**TriMas उत्कृष्ट उत्पाद डिज़ाइन, गुणवत्ता और त्रुटि मुक्त क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। हम जानते हैं कि, व्यवसाय में सत्यनिष्ठा के लिए हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ-साथ, इन प्रयासों से हमारे ग्राहक हमारी क्षमताओं में अत्यधिक भरोसा रख सकते हैं, और ये हमारे व्यवसायों के लिए लंबे समय तक प्रतिस्पर्धी लाभ को मज़बूत करेंगे।**

## क्या जानना चाहिए

- हम अपने ग्राहकों को ऐसे उत्तम उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो उनकी आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को पूरा करते हैं या उनसे अधिक हैं।
- प्रत्येक कर्मचारी अपने नियंत्रण के अधीन उत्पादों की अखंडता और उत्पादों की अखंडता के समर्थन में उसके द्वारा प्रदान किए गए दस्तावेज़ों की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार है।
- गुणवत्ता मानकों को कायम रखने में विफलता हमारे ग्राहकों को निराश कर सकती है, TriMas के दायित्व को बढ़ा सकती है तथा हमारे ग्राहकों और शेयरधारकों के साथ हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकती है।
- जैसा लागू हो, यह सुनिश्चित करने के लिए उत्पादों का परीक्षण किया जाएगा कि गुणवत्ता और सुरक्षा के मानक पूरे किए जाते हैं।



## क्या करना चाहिए

- एक गुणवत्ता सिस्टम कायम रखें जिसमें यह सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए नीतियां और कार्यप्रणालियां मौजूद हों कि हम TriMas और हमारे ग्राहकों की गुणवत्ता-संबंधी आवश्यकताओं का पलन करते हैं।
- एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा दें जो हमारे उत्पादों और प्रक्रियाओं में नवीनता और निरंतर सुधार को प्रोत्साहित करती है।
- यह सुनिश्चित करें कि कार्य क्षेत्र में हर कोई TriMas की गुणवत्ता-संबंधी आवश्यकताओं, प्रमाणीकरणों और मानकों को समझता है।
- कभी भी गुणवत्ता-संबंधी नियंत्रणों को अनदेखा न करें या ऐसे शॉर्टकट्स न अपनाएं जो गुणवत्ता को गंवा सकते हैं।
- कभी भी गुणवत्ता या उत्पादन संबंधी किसी भी रिकॉर्ड में हेर-फेर या उसे गलत तरीके से पेश न करें।
- कभी भी दोषपूर्ण कार्य या सामग्री को न छिपाएं, हमारे उत्पादों के संबंध में गलत प्रमाणीकरण या दावे न करें, अथवा दोषपूर्ण या असुरक्षित समझे जाने वाले उत्पाद के शिपमेंट को अधिकृत न करें।
- अपने सुपरवाइज़र, कारखाना प्रबंधक या डिविज़न प्रेज़िडेंट को समस्याओं की जानकारी दें तथा किसी भी संभावित या वास्तविक उत्पाद गुणवत्ता, नियामक या सुरक्षा-संबंधी समस्या से जुड़ी किसी भी जानकारी को संबोधित करने के लिए कार्रवाई करें।

### नैतिकता पर चर्चा

**हम इस तिमाही के लिए शेड्यूल से पीछे चल रहे हैं और हम पर उत्पादन को बढ़ाने का दबाव है। क्या हम गति बढ़ाने के लिए विनिर्माण के कुछ चरणों में परिवर्तन कर सकते हैं?**

उत्पादन प्रक्रिया में कोई बदलाव करने पर विचार करते समय, सुरक्षा या उत्पाद की गुणवत्ता से समझौता न करें। हमेशा संबंधित उत्पादों के लिए गुणवत्ता मानकों और विनिर्देशों का पालन करें। साथ ही, अनुमोदन के लिए आवश्यक चरणों को देखें, जिनमें कभी-कभी ग्राहक शामिल होता है। यदि आपके पास प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए कोई सुझाव है, तो उसे अपने सुपरवाइज़र या अपने गुणवत्ता प्रमुख को बताएं।



हमारी प्रतिबद्धता और मूल्य
कर्मचारियों के लिए संसाधन
हमारी संहिता का परिचय
एक-दूसरे के प्रति हमारी प्रतिबद्धता
हमारे शेयरधारकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता
हमारे व्यावसायिक साझेदारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता
कानून के प्रति हमारी प्रतिबद्धता

# संपत्ति का संरक्षण

**हम रोज़ाना अपने कार्य में सहायता के लिए कंपनी की संपत्ति पर निर्भर करते हैं। मेहनत और निवेश के माध्यम से, TriMas ने ऐसी संपत्ति का निर्माण करके उसे सुरक्षित किया है जो प्रदर्शन के उच्च स्तर तक पहुंचने में अपने कर्मचारियों की सहायता करती है। कंपनी की संपत्ति को सुरक्षित रखना हममें से प्रत्येक का कर्तव्य है। उस संपत्ति का अनुचित या लापरवाही के साथ प्रबंधन TriMas के ब्रांड और स्थिरता को नुकसान पहुंचा सकता है, तथा निवेशकों को कंपनी, उसके कार्यक्रमों और रणनीतियों का समर्थन करने से रोक सकता है।**

## क्या जानना चाहिए

- कंपनी की संपत्ति में वह सब कुछ शामिल है कंपनी जिसकी मालिक है या कारोबार करने के लिए जिसका उपयोग करती है। हममें से प्रत्येक को इस संपत्ति की देखभाल करने का ज़िम्मा सौंपा गया है, इसलिए नुकसान, क्षति, चोरी, अपशिष्ट या अनुचित उपयोग से उसकी सुरक्षा करने में सक्रिय रहें।
- हम उन कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं, जो हमारी, और दूसरों की संपत्ति की सुरक्षा को नियंत्रित करते हैं।
- कंपनी की संपत्ति का उपयोग संभवतः उचित व्यावसायिक उद्देश्य के लिए किया जा सकता है और अनुचित या आपत्तिजनक सामग्री को एक्सेस करने के लिए कंपनी के सिस्टम इस्तेमाल नहीं किए जा सकते।
- प्रत्येक कर्मचारी हमारी संपत्ति, जिसमें बौद्धिक सम्पदा (IP) शामिल है, की सुरक्षा और दूसरों के वैध IP अधिकारों का सम्मान करने के लिए ज़िम्मेदार है।
  - अक्सर IP कंपनी के ट्रेडमार्क्स, व्यावसायिक नामों, पेटेंट्स और व्यावसायिक भेदों द्वारा संरक्षित जानकारी को संदर्भित करता है। इसमें कई अन्य चीज़ें शामिल हो सकती हैं जैसे हमारे ब्रांड, लोगो, अनुसंधान का डेटा, उत्पाद विकास योजनाएं, मार्केटिंग की रणनीति, वेबसाइट की सामग्री, आविष्कार तथा अन्य गोपनीय व्यावसायिक सुझाव और जानकारी।

## क्या करना चाहिए

- उन व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति सतर्क रहें जिनके परिणामस्वरूप कंपनी की संपत्ति का अनधिकृत वितरण या उपयोग किया जा सकता है, तथा किसी भी शिकायत के साथ कानूनी विभाग से संपर्क करें।
- विशिष्ट अनुमोदन के बिना, TriMas की किसी भी संपत्ति को कर्ज़, उधार, किराए, लाइसेंस पर न दें, उसे दान, विक्रय, क्षतिग्रस्त, नष्ट न करें, या अन्यथा उसका निपटान न करें अथवा गैर-TriMas उद्देश्य के लिए ऐसी संपत्ति का उपयोग न करें।
- सुरक्षा कार्यप्रणालियों का पालन करें और ऐसी स्थितियों के प्रति सतर्क रहें जिनसे कंपनी की संपत्ति का नुकसान या दुरुपयोग हो सकता है।
- यह सुनिश्चित करें कि उपकरणों और प्रक्रियाओं को अच्छी तरह से कायम और सुरक्षित संचालन की स्थिति में रखा जाता है।
- अपनी पहचान का बैज, पासवर्ड या अन्य एक्सेस जानकारी साझा न करके रोज़मर्रा के मामलों में ध्यान रखें, तथा उपयोग में न होने पर सारी भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक मालिकाना सामग्री को सुरक्षित करें।
- सामान्य स्थानों और सार्वजनिक जगहों, जैसे लिफ़्ट और विमान, पर कंपनी के कारोबार के बारे में चर्चा करते हुए सावधानी बरतें।

### नैतिकता पर चर्चा

**कंपनी की संपत्ति के उदाहरणों में शामिल हैं:**

- भौतिक संपत्ति जैसे भूमि, इमारतें, औज़ार, वाहन, उपकरण, इन्वेंट्री, कच्चे माल, और आपूर्ति;
- वित्तीय संपत्ति जैसे नकद, प्राप्तियां और निवेश;
- मालिकाना जानकारी और बौद्धिक सम्पदा जैसे व्यावसायिक भेद, पेटेंट्स, कॉपीराइट्स और गोपनीय व्यावसायिक जानकारी;
- अनुबंध के अधिकार और लाइसेंस; और
- सॉफ़्टवेयर और डिजिटल डेटा, जैसे हमारी सूचना और संचार प्रणालियों में स्टोर किए गए या उनके माध्यम से भेजे जाने वाले संदेश।

**कंपनी के संसाधनों के दुरुपयोग के उदाहरण क्या हैं?**

उत्पादों में व्यक्तिगत उपयोग के लिए उत्पाद या आपूर्ति लेना, व्यक्तिगत खर्च के लिए कंपनी से अदायगी की मांग करना, अनधिकृत व्यक्तिगत परिवहन के लिए कंपनी के वाहन इस्तेमाल करना और अपने वित्तीय फ़ायदे के लिए रद्दी या अपशिष्ट बेचना।

# हितों के टकराव

**काम के दौरान या खाली समय में, आपके द्वारा किए जाने वाले किसी भी काम से कंपनी में आपकी ज़िम्मेदारियां या निष्ठा का कर्तव्य प्रभावित नहीं होना चाहिए। भले ही आपकी मंशा कुछ गलत न करने की हो, लेकिन हितों के मतभेद की संभावना दिखने पर इसके नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। हमेशा इस बात पर विचार करें कि आपके कार्य कैसे दिखाई दे सकते हैं और ऐसी स्थितियों से बचें जो वास्तविक या कथित हितों का टकराव उत्पन्न करती हैं।**

## क्या जानना चाहिए

- हितों का टकराव तब मौजूद हो सकता है जब आप ऐसी गतिविधियों में शामिल होते हैं जो आपके TriMas कर्तव्यों और ज़िम्मेदारियों, कंपनी के सर्वोत्तम हित में व्यावसायिक निर्णय लेने की आपकी क्षमता में दखल दे सकती हैं, या दखल देती हुई दिखाई देती हैं, अथवा जो कंपनी की प्रतिष्ठा या व्यावसायिक संबंधों को नुकसान पहुंचा सकती हैं।
- आपको ऐसी सभी बाहरी कार्य, वित्तीय हितों और अन्य व्यक्तिगत गतिविधियों या संबंधों के लिए, ज़रूरत के मुताबिक, तुरंत लिखित रूप में खुलासा करके स्वीकृति लेनी होगी जो हितों का टकराव उत्पन्न कर सकती हैं, या हितों का टकराव उत्पन्न करते हुए दिखाई देती हैं। यदि आपमें रोज़गार या ऐसे व्यावसायिक लेन-देन से जुड़े कंपनी के फैसलों को प्रभावित करने की क्षमता है जो परिवार के किसी सदस्य या घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध को प्रभावित कर सकते हैं तो एक संभावित हितों का टकराव उत्पन्न हो सकता है।
- हितों के टकरावों के उदाहरणों में निम्न शामिल हो सकते हैं:
  - स्वामित्व होना, अथवा ऋणदाता, या आपूर्तिकर्ता होना, जहां कर्मचारी आपूर्तिकर्ता को चुनने या उसे चुनने वालों की निगरानी करने के लिए ज़िम्मेदार हो।
  - ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या प्रतिस्पर्धी के साथ रोज़गार या परामर्श संबंध होना।
  - ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या प्रतिस्पर्धी के अधिकारी, निदेशक या बोर्ड के सदस्य के रूप में कार्य करना, जब तक कि वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा लिखित रूप से अनुमोदित न किया जाए।
  - बाहरी रोज़गार या अन्य गतिविधियों में शामिल होना जो कर्मचारी की काम करने की क्षमता में दखल दे सकती हैं।
  - TriMas का कारोबार करते हुए परिवार के किसी सदस्य, दोस्त या रिश्तेदार के हितों के पक्ष में कार्रवाई करना।

## क्या करना चाहिए

- ऐसे व्यक्तिगत हितों या गतिविधियों से बचें जो TriMas के प्रति आपके दायित्वों को पूरा करने की आपकी क्षमता में दखल देती हैं, या दखल देती हुई दिखाई देती हैं।
- काम के दौरान कंपनी के हितों के लिए अपना समय, ध्यान और सर्वोत्तम प्रयासों को समर्पित करें।
- व्यक्तिगत लाभ के ऐसे अवसरों का फ़ायदा न उठाएं जिनके बारे में आपको अपनी कंपनी के पद या कंपनी की जानकारी तक पहुंच के माध्यम से पता चलता है।
- व्यक्तिगत हित के आधार पर कोई आपूर्तिकर्ता या व्यावसायिक साझेदार न चुनें। यदि आप किसी ऐसे संभावित हितों के टकराव के बारे में जानते हैं जिसमें कोई आपूर्तिकर्ता या अन्य व्यावसायिक साझेदार शामिल है, तो आवाज़ उठाएं।
- व्यक्तिगत लाभ या बाहरी व्यवसाय अथवा अपनी किसी गतिविधि, परिवार के किसी सदस्य या घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध को प्रोत्साहित करने के लिए कंपनी की संपत्ति, जानकारी, संसाधनों या प्रभाव का उपयोग न करें। इसमें कंपनी के परिसर, कार्यालय के उपकरणों, ईमेल, कर्मचारियों या ग्राहकों की जानकारी, सॉफ़्टवेयर या कम्प्यूटर ऐप्लिकेशन्स का उपयोग शामिल है।
- यदि आपको यह निर्धारित करने में सहायता की ज़रूरत है कि किसी चीज़ से हितों का टकराव उत्पन्न होता है या नहीं तो TriMas कानूनी विभाग से संपर्क करें।
- अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया हमारी **हितों के टकराव संबंधी वैश्विक नीति** की समीक्षा करें।

### नैतिकता पर चर्चा

**यह निर्धारित करते हुए कि कोई विशेष स्थिति हितों का टकराव उत्पन्न करेगी या नहीं, खुद से ये प्रश्न पूछें:**

- क्या वह स्थिति व्यावसायिक निर्णय लेने की आपकी क्षमता को प्रभावित करती हुई दिखाई देती है?
- क्या आपको या आपके किसी रिश्तेदार को उस स्थिति से व्यक्तिगत रूप से फ़ायदा हो सकता है?
- क्या आपको यह चुनने के लिए मजबूर किया जा सकता है कि आपके और TriMas के हित में क्या है?

यदि इनमें से किसी भी प्रश्न के लिए आपका उत्तर "हां" है, तो कम से कम हितों का टकराव दिखाई देता है और आपको अपने सुपरवाइज़र, स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि या TriMas कानूनी विभाग को उसका खुलासा करना चाहिए।

# वित्तीय ज़िम्मेदारी और प्रकटीकरण

**वित्तीय ज़िम्मेदारी के सिद्धांत रिकॉर्डकीपिंग, वित्तीय रिपोर्टिंग और सार्वजनिक खुलासों में ईमानदारी के माध्यम से हमारे लिए कंपनी की सुरक्षा करना ज़रूरी बनाते हैं। वित्तीय रिकॉर्ड्स हमारे व्यवसाय के प्रबंधन तथा नियामक, टैक्स और वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी शर्तों के अनुपालन का आधार हैं। हमारे शेयरधारक सभी सरकारी फाइलिंग्स और हमारे सभी सार्वजनिक संचारों में पूर्ण, सही, सटीक, सही समय पर और स्पष्ट खुलासे करने के लिए हम पर भरोसा करते हैं।**

## क्या जानना चाहिए

- हम वित्तीय लेखांकन, रिपोर्टिंग और प्रकटीकरण को नियंत्रित करने वाले सभी लागू कानूनों, नियमों और विनियमों का पालन करते हैं।
- वित्तीय रिकॉर्ड्स में जर्नल प्रविष्टियां और सहायक दस्तावेज़, सामान्य लेजर्स और सहायक पूरक लेजर्स, लेन-देन प्रसंस्करण रिकॉर्ड्स (पेरोल, बैंकिंग, ग्राहक और विक्रेता इनवॉयस सहित), ऑडिट रिपोर्ट्स, रणनीतिक योजनाएं, विक्रय और क्रय रिपोर्ट्स, तथा विनिर्माण और गुणवत्ता दस्तावेज़ शामिल हैं।
- वित्तीय ज़िम्मेदारी में शामिल हैं:
  - लेन-देन संबंधी सभी गतिविधियों पर सही समय पर, पूर्ण और सटीक कार्रवाई।
  - ईमानदार और सटीक वित्तीय रिपोर्टिंग।
  - सरकारी फाइलिंग्स और हमारे अन्य सार्वजनिक संचारों में पूर्ण, सही, सटीक, सही समय पर और समझने योग्य प्रकटीकरण।
  - आंतरिक नियंत्रणों के हमारे सिस्टम का अनुपालन करना।
- सही समय पर हमारे वित्तीय रिकॉर्ड्स और रिपोर्ट्स में किए जाने वाले सुधार तथा हमारे आंतरिक नियंत्रण सिस्टम में सही तरीके से किए गए सुधार इस नीति का उल्लंघन नहीं करते।
- यदि आप हमारी वित्तीय रिपोर्टिंग के किसी भी पहलू या जिन प्रमाणीकरणों पर वे निर्भर करते हैं, उनमें शामिल हैं, तो आपको हमेशा हमारी वित्तीय नीतियों, आंतरिक नियंत्रणों के हमारे सिस्टम तथा सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों का पालन करना होगा।

## क्या करना चाहिए

- यह सुनिश्चित करें कि हमारे बहीखाते और रिकॉर्ड्स सही और सटीक रूप से लेन-देन को दर्शाते हैं तथा किसी भी गलत या भ्रामक विवरण से मुक्त हैं।
- केवल लंबी अवधि में शेयरधारक मूल्य की कीमत पर छोटी अवधि में वित्तीय प्रदर्शन को बढ़ाने के उद्देश्य से लेखांकन या व्यावसायिक प्रथाओं अथवा नीतियों में बदलाव न करें।
- सभी लेन-देन के समर्थन में सटीक, सही और उचित रूप से विस्तृत दस्तावेज़ों को कायम रखें।
- हमारे आंतरिक या बाहरी ऑडिटर्स को पूरी जानकारी दें, और उनसे कभी भी जानकारी न छिपाएं।
- हमारे बहीखातों और रिकॉर्ड्स के आधार पर तथा सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों और लागू कानूनों के अनुसार सभी बाहरी रिपोर्ट्स और प्रकटीकरण तैयार करें।
- अनुचित खुलासों से बचने के लिए, इन दिशानिर्देशों का पालन करें:
  - वित्तीय समुदाय या मीडिया की ओर से संपूर्ण पूछताछ को TriMas निवेशक संबंध एवं संचार विभाग को निर्देशित करें।
  - ऐसी कोई भी जानकारी, जो निवेशकों के लिए आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण हो सकती है (जैसे पूर्वानुमान और अन्य प्रगतिशील विवरण, जिनमें व्यापार के प्रस्ताव शामिल हैं), रिलीज़ करने से पहले चीफ़ फ़ाइनैंशियल ऑफ़िसर या TriMas निवेशक संबंध एवं संचार विभाग से स्वीकृति प्राप्त करें।
- सरकारी एजेंसियों या वकीलों की ओर से प्राप्त अनुरोधों (जब तक सामान्य व्यावसायिक कार्यप्रणाली में न हो) को TriMas कानूनी विभाग को निर्देशित करें।

### नैतिकता पर चर्चा

**कभी-कभी विनियम और कागज़ी कार्रवाई मेरी गति को कम कर देते हैं और मेरे तिमाही लक्ष्य को हासिल करना मुश्किल बना देते हैं। यदि मुझे पता है कि काम कैसे करना है, तो मैं अपने तरीके से उसे क्यों नहीं कर सकता?**

ईमानदारी के साथ कारोबार करना "लक्ष्य हासिल करने" से कहीं ज़्यादा महत्वपूर्ण है। TriMas नहीं चाहती कि आप आसानी से काम करने की वजह से कोई नुकसान करें। यह सुनिश्चित करने के लिए TriMas की व्यावसायिक/लेखांकन नीतियां और संहिता मौजूद हैं कि हम लागू कानून, विनियम और सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों का पालन करते हैं।

# इनसाइडर ट्रेडिंग

**TriMas के कर्मचारियों के रूप में, कंपनी या अन्य कंपनियों के बारे में भौतिक जानकारी सार्वजनिक होने से पहले ही आपको वह जानकारी प्राप्त हो सकती है। "भौतिक" जानकारी वह जानकारी होती है जिसे कोई निवेशक यह निर्णय लेने के लिए महत्वपूर्ण मान सकता है कि प्रतिभूतियों, जैसे शेयर और बॉन्ड्स, को खरीदना, बेचना या कायम रखना है। हो सकता है जो भौतिक जानकारी अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है उसे जानते हुए आप प्रतिभूतियों की खरीदफ़रोख़्त न करें ("इनसाइडर ट्रेडिंग") या अन्य लोगों को वह जानकारी प्रदान न करें जो ऐसी जानकारी सार्वजनिक किए जाने से पहले खरीदफ़रोख़्त कर सकते हैं ("टिपिंग")।**

## क्या जानना चाहिए

- कभी भी भौतिक गैर-सार्वजनिक (या "आंतरिक") जानकारी के बारे में दूसरों के साथ चर्चा या उन्हें वह प्रदान नहीं की जानी चाहिए। ऐसे खुलासे गैर-कानूनी हैं क्योंकि, सार्वजनिक रूप से ज्ञात होने पर, वे कंपनी के शेयर की कीमत को प्रभावित कर सकते हैं। यह TriMas, किसी आपूर्तिकर्ता, प्रतस्पिर्धी, ग्राहक या व्यावसायिक साझेदार के बारे में जानकारी पर लागू होता है।
- भौतिक गैर-सार्वजनिक जानकारी में शामिल हो सकते हैं:
  - एक नियोजित अधिग्रहण या विलय
  - वित्तीय जानकारी, जैसे कमाई या बिक्री का अनुमान
  - संचालन का महत्वपूर्ण विस्तार या कटौती
  - कंपनी के विरुद्ध सरकारी जांच या मुकदमा
  - महत्वपूर्ण नई तकनीकें या व्यावसायिक अवसर
  - कोई महत्वपूर्ण ग्राहक बनाना या गंवाना
  - प्रमुख प्रबंधन कर्मचारियों में परिवर्तन
- यदि आपको किसी कंपनी (TriMas या कोई अन्य कंपनी) भौतिक गैर-सार्वजनिक जानकारी के बारे में पता चलता है, तो आप तब तक उस कंपनी की प्रतिभूतियों की खरीदफ़रोख़्त नहीं सकते जब तक उस सार्वजनिक रूप से जानकारी का खुलासा नहीं किया जाता। यदि आप कंपनी के कर्मचारी नहीं हैं, तब भी ये नियम लागू होते हैं।
- अन्य लोगों, जैसे परिवार का कोई सदस्य या दोस्त, को आंतरिक जानकारी, या "गुप्त सूचना", प्रदान करना भी गैर-कानूनी है।
- इनसाइडर ट्रेडिंग और टिपिंग कानून के खिलाफ़ हैं। इस प्रकार के उल्लंघन के परिणामस्वरूप गंभीर नागरिक या आपराधिक दंड हो सकता है, जिसमें जेल की सज़ा और आर्थिक नुकसान शामिल हैं।

## क्या करना चाहिए

- जब तक आपके पास भौतिक, गैर-सार्वजनिक जानकारी हो तब तक TriMas या किसी अन्य कंपनी की प्रतिभूतियों की खरीदफ़रोख़्त न करें। यदि आपको किसी कंपनी के बारे में गैर-सार्वजनिक जानकारी मालूम है, तो शेयर बेचने या खरीदने से पहले वह जानकारी सार्वजनिक होने तक प्रतीक्षा करें।
- TriMas या किसी अन्य कंपनी के बारे में ऐसी भौतिक गैर-सार्वजनिक जानकारी, जो आपको अपनी नौकरी के संबंध में पता चलती है, का किसी भी व्यक्ति को तब तक खुलासा न करें जब तक वह जानकारी आम तौर पर लोगों के लिए उपलब्ध न हो। गैर-सार्वजनिक जानकारी से जुड़ा यह कर्तव्य आपकी नौकरी के बाद भी जारी रहेगा।
- कभी भी किसी भूतपूर्व नियोक्ता से प्राप्त गैर-सार्वजनिक जानकारी साझा न करें – या दूसरों से ऐसा करने के लिए न कहें – और, यदि आप TriMas छोड़ते हैं, तो अन्य लोगों के साथ हमारी गैर-सार्वजनिक जानकारी साझा न करें।
- शेयर या अन्य प्रतिभूतियों को खरीदने या बेचने से जुड़े नियमों के बारे में किसी भी प्रश्न के लिए TriMas कानूनी विभाग से संपर्क करें।

### नैतिकता पर चर्चा

**मुझे पता है कि मेरी बहन के पास TriMas के शेयर हैं और मैंने उल्लेख किया था कि मैं देर तक काम कर रहा था क्योंकि हम एक ऐसी डील पूरी करने की कोशिश कर रहे थे जो सचमुच चौथी तिमाही में हमारी बिक्री को बढ़ाएगी। यदि इस जानकारी के आधार पर मेरी बहन अतिरिक्त शेयर खरीदती है, तो क्या वह गैर-कानूनी होगा?**

हां। यदि वह डील भौतिक गैर-सार्वजनिक जानकारी है, तो आप अपनी बहन को दी गई "गुप्त सूचना" की वजह से इनसाइडर ट्रेडिंग से जुड़े कानूनों का उल्लंघन करेंगे, और आपकी बहन उस जानकारी के आधार पर प्रतिभूतियों को खरीदने के लिए उल्लंघन करेगी।

# बाहरी संचार

**ध्यान से संवाद करके, हम TriMas, हमारे व्यवसाय, तथा हमारे उत्पादों और सेवाओं के बारे में जनता की धारणा को सकारात्मक रूप देने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, TriMas की छवि और ब्रांड, और हमारे व्यवसायों के ब्रांड्स को सुरक्षित रखना, हमारे सहकर्मियों का सम्मान करना, तथा गोपनीय और मालिकाना जानकारी की रक्षा करना भी हमारा कर्तव्य है।**

## क्या जानना चाहिए

- कंपनी के बाहर हमारे संचार में पेशेवर और संगत रहने के लिए, निवेशकों, विश्लेषकों और मीडिया (अख़बार, पत्रिकाएं, व्यापार प्रकाशन, रेडियो, टेलीविज़न या अन्य बाहरी स्रोत), जिनमें जानकारी और इंटरव्यू के लिए अनुरोध शामिल हैं, के साथ सभी संपर्क TriMas निवेशक संबंध एवं संचार विभाग को निर्देशित किए जाने चाहिए।
- यदि किसी भी निवेशक, विश्लेषक या मीडिया के साथ कंपनी के कारोबार के बारे में चर्चा करने के लिए आपसे संपर्क किया जाता है, तो बाहरी पक्ष को विनम्रता से बताएं कि आप उस विषय पर चर्चा करने के लिए अधिकृत नहीं हैं, और उन्हें TriMas निवेशक संबंध एवं संचार विभाग के पास भेजें।
- हममें से कई लोग व्यावसायिक और व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। इंटरनेट की बढ़ती हुई पहुंच का मतलब है कि हम ईमेल, ब्लॉग पोस्ट या ट्वीट में जो कुछ भी कहते हैं वह कुछ ही सेकंड में लाखों लोगों तक पहुंच सकता है।
- यदि आप किसी ऐसी सोशल मीडिया गतिविधि में शामिल हैं जो कंपनी के कर्मचारी के रूप में आपकी पहचान करती है, तो भले ही कार्यस्थल पर न रहते हुए भी वैसा न करने पर, आप हमारी प्रतिष्ठा, छवि या ब्रांड को प्रभावित कर सकते हैं।
- इस बारे में अवगत रहें कि कभी-कभी ग्राहकों, साथी कर्मचारियों और नियामकों द्वारा सोशल मीडिया (जिसमें सोशल नेटवर्किंग साइट्स, ब्लॉग्स, चैटरूम्स और मीडिया शेयरिंग साइट्स पर पोस्ट्स शामिल हैं) की निगरानी की जाती है।
- याद रखें, कभी-कभी आंतरिक संचार सार्वजनिक हो सकता है। दो बार सोचें। आपको अतिशयोक्ति, अपमानजनक टिप्पणी करने, अनुमान लगाने या लोगों और कंपनियों का अनुचित वर्णन करने से बचना चाहिए, जिसमें ईमेल या आंतरिक ज्ञापन शामिल हैं।

## क्या करना चाहिए

- इंटरव्यू के लिए अनुरोधों और प्रेस को TriMas निवेशक संबंध एवं संचार विभाग को निर्देशित करें।
- इस बारे में विचारशील रहें कि आप ऑनलाइन सोशल नेटवर्क्स पर खुद को कैसे प्रस्तुत करते हैं, जिनमें एक सम्मानजनक तरीके से विचार और राय व्यक्त करना शामिल है। खुद से यह पूछें कि क्या आपकी ऑनलाइन सामग्री TriMas में आपके कार्य के साथ संगत है या नहीं।
- बाहरी सोशल मीडिया चैनल्स सेट करते या उनमें भाग लेते समय अपना व्यक्तिगत ईमेल अकाउंट इस्तेमाल करें (अपना कंपनी ईमेल नहीं)। यदि आपको अपने सुपरवाइज़र से पूर्व प्राधिकरण प्राप्त हुआ है तो अपवाद हो सकते हैं।
- तब तक कंपनी का प्रतिनिधित्व करने का प्रदर्शन न करें जब तक आपको ऐसा करने के लिए विशिष्ट अनुमति न दी गई हो। ऐसे किसी तरीके से हमारे लोगो या मालिकाना ग्राफ़िक्स इस्तेमाल न करें जो यह दर्शाता है कि आप कंपनी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।
- TriMas, हमारे व्यवसायों, हमारे ग्राहकों या हमारे व्यावसायिक साझेदारों के बारे में गोपनीय व्यावसायिक जानकारी का खुलासा न करें।
- TriMas की **मीडिया नीति** और **वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक संचार नीति**, कंपनी की अन्य नीतियां, और संबंधित कानूनों के बारे में जानें और उनका अनुसरण करें।
- TriMas की पूर्व लिखित अनुमति के बिना हमारे परिसरों के गैर-सार्वजनिक क्षेत्रों, अथवा हमारी प्रक्रियाओं, संचालनों या उत्पादों के चित्र पोस्ट न करें।

### नैतिकता पर चर्चा

**एक स्थानीय अख़बार के रिपोर्टर ने एक नए कारखाने के विस्तार के बारे में मुझसे संपर्क किया। मुझे क्या करना चाहिए?**
अपने सुपरवाइज़र और TriMas निवेशक संबंध एवं संचार विभाग को सूचित करें जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सबसे उचित व्यक्ति उसका उत्तर देता है। कर्मचारी प्रेस को उत्तर देने के लिए अधिकृत नहीं हैं।

# हमारे व्यावसायिक साझेदारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता



व्यावसायिक संबंध ........ 33
उपहार और व्यावसायिक मनोरंजन ........ 34
अभियान हेतु वित्तीय प्रबंधन और प्रचार ........ 35

# व्यावसायिक संबंध

**हम अपने व्यावसायिक संबंधों को महत्व देते हैं और वह करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य व्यावसायिक साझेदारों के लिए सही है। हमारे व्यावसायिक संबंध कानूनी, नैतिक और उचित व्यवहार पर आधारित हैं। हम बाज़ार में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ व्यवहार करते हैं और अपने साझेदारों से भी वैसा ही करने की अपेक्षा करते हैं। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से भी कानून का पालन करने की अपेक्षा करते हैं, जिनमें वे कानून शामिल हैं जिनके तहत उनके लिए श्रमिकों के साथ उचित तरीके से व्यवहार करना, सुरक्षित और स्वस्थ कार्य परिवेश प्रदान करना तथा पर्यावरण की गुणवत्ता की रक्षा करना ज़रूरी है, और मानव तस्करी तथा ज़बरदस्ती, अनिवार्य और बाल मज़दूरी पर रोक लगाने वाले कानून भी शामिल हैं।**

## क्या जानना चाहिए

- हम अपने ग्राहकों के साथ अपने व्यवहार और संचार में ईमानदार और खरे रहकर तथा वादों पर अमल करके वह करते हैं जो उनके लिए सही है।
- हम ग्राहक संतुष्टि को कायम रखने और उसमें सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम केवल उन आपूर्तिकर्ताओं और व्यावसायिक साझेदारों के साथ कारोबार करते हैं जो हमारे मूल्यों को मानते हैं तथा लागू कानूनों और सुरक्षा, श्रम और स्वास्थ्य को नियंत्रित करने वाले मानकों का पालन करते हैं।
- जहां व्यावहारिक हो, हम सभी आपूर्तिकर्ताओं को प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करते हैं।
- हम अपनी आपूर्ति श्रृंखला और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में मानव अधिकारों के लिए सम्मान को बढ़ावा देते हैं।

### नैतिकता पर चर्चा

**TriMas के आपूर्तिकर्ताओं में से एक ने बताया कि उसे कच्चे माल की आपूर्ति करने वाली एक कंपनी पर उसके मूल देश में बाल मज़दूरी की जांच चल रही है। चूंकि हम सीधे तौर पर इस कंपनी के साथ कारोबार नहीं करते, क्या यह ऐसा कुछ है जिसके बारे में हमें चिंतित होना चाहिए?**

हां। हमारी आपूर्ति श्रृंखला में सभी कंपनियों में TriMas की प्रतिष्ठा को प्रभावित करने की क्षमता है। हमारी ओर से हमारे आपूर्तिकर्ताओं के लिए कानूनों और मानव संसाधन मानकों का पालन करना ज़रूरी है, तथा हम अपेक्षा करते हैं कि वे अपने आपूर्तिकर्ताओं से वैसी ही मांग करें। आपको अपने सुपरवाइज़र, कारखाना प्रबंधक, डिविज़न प्रेज़िडेंट या TriMas कानूनी विभाग को सूचित करना चाहिए।

## क्या करना चाहिए

- ज़िम्मेदार तरीके से पूरा कारोबार करें और बाज़ार में निष्पक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा करें।
- ग्राहकों के साथ सभी परस्पर व्यवहारों में ईमानदार, निष्पक्ष और पारदर्शी रहें।
- केवल उन आपूर्तिकर्ताओं के साथ कारोबार करें जो राष्ट्रीय, स्थानीय और अन्य लागू शर्तों तथा कंपनी के दिशानिर्देशों का पालन करते हैं।
- हमारे आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों, अन्य व्यवसायों और प्रतिस्पर्धियों के साथ सम्मान और व्यावसायिकता के उसी स्तर के साथ व्यवहार करें जो आप उनसे प्रदान करने की उम्मीद करते हैं।
- गुणवत्ता, विश्वसनीयता, प्रदर्शन, मूल्य, सेवा और तकनीकी आवश्यकताओं के आधार पर सभी आपूर्तिकर्ताओं की पेशकशों का मूल्यांकन करें।
- आपूर्तिकर्ताओं या संभावित आपूर्तिकर्ताओं, और ग्राहकों या संभावित ग्राहकों के संबंध में हितों के टकराव से बचें।
- लंबे समय तक चलने वाले व्यावसायिक संबंध स्थापित करें और कारोबार से जुड़ी सभी बातचीत में सत्यनिष्ठा का आदर्श बनें।
- आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और अन्य व्यावसायिक साझेदारों द्वारा हमें सौंपी गई गोपनीय और मालिकाना जानकारी को सुरक्षित करने के लिए सभी लागू कार्यप्रणालियों का पालन करें।
- किसी आपूर्तिकर्ता या व्यावसायिक साझेदार द्वारा लागू कानून या हमारी व्यावसायिक प्रथा का पालन करने में विफलता के संबंध में अपने सुपरवाइज़र, कारखाना प्रबंधक, डिविज़न प्रेज़िडेंट या TriMas कानूनी विभाग या कर्मचारी नैतिकता हॉटलाइन पर शिकायत करें।

# उपहार और व्यावसायिक मनोरंजन

**उपहार और व्यावसायिक मनोरंजन व्यावसायिक संबंध स्थापित करने, हमारे व्यावसायिक साझेदारों के साथ जुड़ने और हमारे उत्पादों को बढ़ावा देने के अवसर प्रदान करते हैं। हालांकि, यदि ठीक से प्रबंधित न किए जाएं तो उपहार और व्यावसायिक मनोरंजन हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकते हैं और कानून का उल्लंघन भी कर सकते हैं। उपहार और व्यावसायिक मनोरंजन स्वीकार करने से पहले विचार करने योग्य सिद्धांतों को समझना तथा यह जानना हर कर्मचारी की ज़िम्मेदारी है कि पूर्व-अनुमोदन की आवश्यकता कब होती है।**

## क्या जानना चाहिए

- मामूली उपहार देना और प्राप्त करना तथा उचित और प्रचलित व्यावसायिक मनोरंजन में शामिल होना व्यवसायिक साझेदारों के लिए एक आम व्यवसायिक प्रथा है। हालांकि, हम कभी नहीं चाहते कि ये प्रथाएं ऐसी कोई धारणा भी बनाएं कि हम कोई व्यावसायिक निर्णय लेना चाहते हैं या यह कि हमारे निर्णय को प्रभावित किया जा सकता है।
- यदि हम अच्छे फैसले लेते हैं और इन दिशानिर्देशों का पालन करते हैं, तो कभी-कभी उपहारों और व्यावसायिक मनोरंजन का आदान-प्रदान साख बनाने और व्यावसायिक संबंधों में विश्वास स्थापित करने के उद्देश्य को पूरा कर सकता है।
- यह नीति किसी सरकारी अधिकारी को पेश किए जाने वाले, या उसके फ़ायदे के लिए, उपहारों या व्यावसायिक मनोरंजन पर लागू नहीं होती। सरकारी अधिकारियों को पेश किए जाने वाले सभी उपहारों, व्यावसायिक मनोरंजन या अन्य मूल्यवान वस्तुओं के लिए TriMas कानूनी विभाग से पूर्व-अनुमोदन की आवश्यकता है और वे हमारी **वैश्विक भ्रष्टाचार निरोधक नीति** अनुरूप होनी चाहिए।



## क्या करना चाहिए

- कभी भी मामूली कीमत से ज़्यादा का कोई उपहार पेश या स्वीकार न करें। मामूली कीमत से ज़्यादा का कोई भी उपहार पेश किए जाने पर, अपने सुपरवाइज़र को उसकी जानकारी दें और उसे लौटा दें।
- मौद्रिक उपहार, जैसे नकद, गिफ़्ट कार्ड्स या व्यक्तिगत छूट, पेश या स्वीकार न करें।
- यह सुनिश्चित करें कि मनोरंजन का वैध व्यावसायिक उद्देश्य है। जब कभी भी हम ऐसा कोई मनोरंजन स्वीकार करते हैं, हमें एक उचित समय पर उसके बदले कोई चीज़ देनी चाहिए। ऐसा करना हमारे मेज़बान पर बोझ डालने से बचने में हमारी मदद करता है।
- एक नियम के रूप में, केवल मानक व्यावसायिक शिष्टाचार के तहत उपहार दें या प्राप्त करें और उस आदान-प्रदान से किसी उचित व्यक्ति के निर्णय में रुकावट पैदा नहीं होनी चाहिए। स्वीकार्य उपहार कभी-कभी दिए जाते हैं, उनकी कीमत ज़्यादा नहीं होती और काफी छोटे होते हैं ताकि अगर उन्हें सार्वजनिक किया जाता है तो वे TriMas को शर्मिंदा नहीं करते।
- कभी भी ऐसा कोई उपहार पेश या स्वीकार न करें जो कंपनी के लिए शर्मनाक हो सकता है।
- उपहार या मनोरंजन देने या स्वीकार करने से जुड़ा कोई भी प्रश्न अपने सुपरवाइज़र, अपने स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि या TriMas कानूनी विभाग को निर्देशित करें।

### नैतिकता पर चर्चा

**किस किस्म का उपहार "मामूली" कीमत का होगा?**

$100 (या विदेशी मुद्रा में बराबर कीमत) वाले कभी-कभी दिए जाने वाले उपहार उन ज़्यादातर जगहों पर मामूली समझे जाएंगे जहां TriMas कारोबार करती है। कुछ उदाहरणों में ब्रांडिड प्रचारक वस्तुएं, फलों या स्नैक्स की छोटी टोकरियां, और अन्य साख बनाने के इरादे से अन्य उपहार शामिल हैं। हालांकि, यदि मामूली कीमत वाले उपहार भी अक्सर या सशर्त दिए जाते हैं तो वे भी एक समस्या बन सकते हैं।

# अभियान हेतु वित्तीय प्रबंधन और प्रचार

**हम ऐसे तरीकों से सरकारों और राजनीतिक प्रक्रियाओं में शामिल होते हैं जो व्यक्तिगत विचारों को TriMas के हितों से अलग रखते हैं। हम राजनीतिक दान और प्रचार को नियंत्रित करने वाले सभी कानूनों का पालन करते हैं। हम राजनीतिक समर्थन के प्रयोजनों के लिए कॉर्पोरेट फंड का उपयोग नहीं करते, जिसमें अभियानों के लिए योगदान या व्यापार संघों सहित टैक्स छूट प्राप्त समूहों को भुगतान शामिल हैं।**

### क्या जानना चाहिए

- TriMas का कारोबार करते हुए हम अक्सर सरकारी संस्थाओं के साथ काम करते हैं और हमेशा नैतिक और पारदर्शी तरीके से ऐसा करते हैं।
- एक कंपनी के रूप में, TriMas किसी भी राजनीतिक उम्मीदवार, दल या राजनीतिक कार्रवाई समिति को कॉर्पोरेट दान न करने का विकल्प चुनती है। कानून आम तौर पर राजनीतिक उम्मीदवारों का समर्थन या विरोध करने के लिए कॉर्पोरेट संसाधनों के उपयोग को प्रतिबंधित करता है।
- अलग-अलग व्यक्तियों के रूप में, हममें से प्रत्येक को अपने विश्वासों को व्यक्त करने और राजनीतिक प्रक्रियाओं में भाग लेने का अधिकार है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे कार्य वैध और नैतिक हैं। हमें ऐसे किसी भी संकेत से दूर रहना होगा जिससे ये लगे कि हमारी व्यक्तिगत गतिविधियों में TriMas का समर्थन हो। हमें TriMas की गतिविधियों को गैर-कानूनी प्रचार के रूप में देखे जाने से बचना होगा।

### नैतिकता पर चर्चा

**एक ग्राहक ने मुझे एक स्थानीय राजनेता के लिए राजनीतिक फंडरेज़र में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। मुझे इस कार्यक्रम में शामिल होने का मन है। क्या कंपनी मेरी यात्रा और प्रवेश टिकट के खर्च का भुगतान करेगी?**
कर्मचारी अपनी व्यक्तिगत पसंद से राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। इस उदाहरण में, भले ही किसी ग्राहक द्वारा आमंत्रित किया गया हो, कंपनी राजनीतिक फंडरेज़र से जुड़े इन खर्चों के लिए कर्मचारी को प्रतिपूर्ति नहीं करेगी।

### क्या करना चाहिए

- सरकारों के साथ किसी भी जुड़ाव में पारदर्शिता और ईमानदारी बनाए रखें।
- यह सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देशों का पालन करें कि हम एक ज़िम्मेदार तरीके से राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल हों:
  - राजनीतिक खर्चों के लिए TriMas की पूंजी का उपयोग केवल तभी किया जा सकता है जब लागू कानून के तहत उसकी इजाज़त हो और TriMas कानूनी विभाग द्वारा पहले से लिखित रूप में उसे स्वीकार किया गया हो। किसी भी राजनीतिक दल, उम्मीदवार या अभियान, राजनीतिक गतिविधियों में शामिल राजनीतिक समिति या समूह को, सीधे या किसी तीसरे पक्ष के माध्यम से, किए गए भुगतानों पर यह प्रतिबंध लागू होता है।
  - TriMas व्यक्तिगत राजनीतिक योगदानों या राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े खर्चों के लिए भुगतान या प्रतिपूर्ति नहीं करेगी।
  - कर्मचारी काम के समय या कंपनी की संपत्ति में रहते हुए उम्मीदवारों या राजनीतिक कारणों के लिए योगदान नहीं माँग सकते।
  - TriMas राजनीतिक अभियान, पूँजी संचय या पक्षपातपूर्ण राजनीतिक गतिविधि के लिए कंपनी के परिसर या उपकरणों के उपयोग की अनुमति नहीं देती।
  - कर्मचारियों को कार्यालयों, कार्यस्थानों में या कंपनी की संपत्ति के नज़दीक चिह्न पोस्ट या उनका वितरण करके अपने राजनीतिक या व्यक्तिगत विचारों या मान्यताओं का प्रचार नहीं करना चाहिए।
  - राजनीतिक गतिविधियों में कर्मचारियों की भागीदारी का मतलब TriMas का समर्थन नहीं है।
- किसी भी प्रचारक गतिविधि में शामिल होने या कंपनी की ओर से प्रचारकों को भर्ती करने से पहले TriMas के CEO और TriMas जनरल काउन्सल से पूर्व लिखित स्वीकृति प्राप्त करें।

# कानून के प्रति हमारी प्रतिबद्धता



भ्रष्टाचार का विरोध ........ 37
प्रतिस्पर्धा कानूनों का अनुपालन ........ 38
अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियंत्रण ........ 39

# भ्रष्टाचार का विरोध

**TriMas के कर्मचारी ऐसे कई कानूनों के अधीन हैं जो किसी भी परिस्थिति में रिश्वतखोरी को रोकते हैं। इसके परिणामस्वरूप, सभी कर्मचारियों को किसी भी किस्म की रिश्वत या रकम का लेन-देन न करने के लिए सावधान रहना चाहिए। TriMas के कर्मचारियों को हमेशा खुले और ईमानदार तरीके से कार्य करना चाहिए, दूसरों के साथ निष्पक्ष रूप से मुकाबला करना चाहिए, और गैर-कानूनी या अनैतिक तरीकों पर निर्भर नहीं करना चाहिए। इसका मतलब है कि आप कोई अनुचित लाभ सुनिश्चित या हासिल करने अथवा कारोबार को कायम रखने के लिए कोई भी मूल्यवान चीज़ प्रदान, पेश, अधिकृत, या प्रदान करने का वादा नहीं कर सकते।**

## क्या जानना चाहिए

- सभी स्थानों पर TriMas के कर्मचारियों को भ्रष्टाचार-विरोधी तथा रिश्वत-विरोधी कानूनों और अधिनियमों का पालन करना होगा। इनमें यू.एस. विदेशी भ्रष्ट व्यवहार अधिनियम और यू.के. रिश्वत-विरोधी कानून शामिल हैं। यदि इन नियमों के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं तो अपने सुपरवाइज़र, किसी स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि, डिविज़न प्रेज़िडेंट या TriMas कानूनी विभाग से संपर्क करें।
- अक्सर भ्रष्टाचार में किसी फ़ायदे के बदले किसी सरकारी अधिकारी द्वारा मांगा या उसे पेश किया गया भुगतान शामिल होता है। इस भुगतान में धन या कोई अन्य मूल्यवान वस्तु शामिल हो सकती है। अक्सर इन मामलों में निम्न-स्तर के नौकरशाह शामिल होते हैं जो नियमित, गैर-विवेकाधीन कार्य करने के लिए भुगतान की मांग करते हैं। सामान्य उदाहरणों में परमिट या वीज़ा, अथवा नियमित कस्टम्स क्लीयरेंस शामिल होती है।

### नैतिकता पर चर्चा

**मैं किसी अन्य देश में एक नया परिसर खोलने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा/रही हूं, लेकिन एक स्थानीय अधिकारी "लाल फ़ीताशाही को कम करने" और 30 दिनों के भीतर हमारा परमिट दिलवाने के लिए "विशेष शुल्क" चाहता है ताकि इस प्रोजेक्ट के लिए हम अपनी आंतरिक समयसीमा को पूरा कर सकें। मैं समझता/समझती हूं कि इस देश में ऐसा होता है। क्या मैं उसे भुगतान कर सकता/सकती हूं?**

नहीं। TriMas की **वैश्विक भ्रष्टाचार-विरोधी नीति** और कई देशों में प्रासंगिक कानूनों के तहत इस प्रकार के सुविधा सेवा भुगतान या रिश्वत की मनाही है – भले ही "हर कोई ऐसा करता है।" यदि आप रिश्वत देने का दबाव महसूस करते हैं, तो सख़्ती से मना कर दें और TriMas कानूनी विभाग को सूचित करें।

## क्या करना चाहिए

- कभी भी किसी सार्वजनिक अधिकारी या किसी अन्य व्यक्ति अथवा तीसरे पक्ष को रिश्वत या ऐसे अनुचित लाभों की पेशकश न करें, जिनका इरादा TriMas के बारे में किसी भी व्यक्ति द्वारा लिए जाने वाले निर्णयों को प्रभावित करना है, या जो ऐसा इरादा होने का संकेत देते हैं।
- कभी भी किसी भी तीसरे पक्ष से रिश्वत या ऐसे अनुचित लाभों के लिए अनुरोध या उन्हें प्राप्त न करें, जिनका इरादा उस तीसरे पक्ष के बारे में TriMas द्वारा लिए जाने वाले निर्णयों को प्रभावित करना हो सकता है, या जो ऐसा इरादा होने का संकेत देते हैं।
- कभी भी किसी ऐसे तीसरे पक्ष के एजेंट को कमीशन का भुगतान न करें जिसका किसी अधिकृत TriMas समझौते में उल्लेख न किया गया हो।
- माल के खरीदार की ओर से ज़्यादा कीमत पर इनवॉयस बनाने के अनुरोधों में भागीदार न बनें।
- इन दिशानिर्देशों के साथ कुछ असंगत करने के लिए किसी तीसरे पक्ष, जैसे वितरक, विक्रय एजेंट या व्यावसायिक साझेदार, का उपयोग न करें।
- यह सुनिश्चित करने के लिए TriMas का प्रतिनिधित्व करने वाले तीसरे पक्षों को चुनते और नियुक्त करते समय TriMas की उचित मूल्यांकन, अनुमोदन और अनुबंध से जुड़ी शर्तों का पालन करें कि वे सम्मानित और योग्य हैं, और यह कि वे लागू भ्रष्टाचार-विरोधी कानूनों और नीतियों का पालन करने के लिए सहमत हैं।
- उचित विवरण के साथ हमारे रिकॉर्ड्स में सभी वित्तीय लेन-देन ठीक से रिकॉर्ड करें और लेन-देन का वास्तविक स्वरूप दर्शाएं।
- यदि आप ऐसा मानते हैं कि TriMas की व्यावसायिक गतिविधियों के संबंध में कोई अनुचित भुगतान या अन्य मूल्यवान वस्तु पेश की गई है या पेश की जाएगी तो TriMas कानूनी विभाग से संपर्क करें।

# प्रतिस्पर्धा कानूनों का अनुपालन

**प्रतिस्पर्धा कानून, जिन्हें युनाइटेड स्टेट्स में स्पर्धारोधी कानून कहा जाता है, बाज़ार में खुला और ज़ोरदार मुकाबला सुनिश्चित करने के लिए तैयार किए गए हैं। हम उन सभी देशों के प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करते हैं, जहां हम कारोबार करते हैं। ये कानून हमें, हमारे ग्राहकों और जनता को ऐसी अनुचित व्यावसायिक प्रथाओं से बचाते हैं जो कारोबार को सीमित और प्रतिस्पर्धा को कम कर सकती है।**

## क्या जानना चाहिए

- हम सभी को निष्पक्ष, मुक्त और खुले बाज़ार से फ़ायदा पहुंचता है, तथा हम निष्पक्षता और ईमानदारी से अपने प्रतिस्पर्धियों से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए काम करते हैं।
- निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा हमारे अपने कॉर्पोरेट मूल्यों और कानूनों को दर्शाती है।
- जिन देशों में TriMas कारोबार करती है उनमें से ज़्यादातर देशों में प्रतिस्पर्धा कानून मौजूद हैं।
- व्यापार संघ की गतिविधियों में भाग लेने से पहले हम आपको TriMas कानूनी विभाग से बात करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।
- हम अपने उत्पादों और सेवाओं की योग्यता के आधार पर कड़ा मुकाबला करते हैं तथा कभी भी कारोबार को नियंत्रित या सीमित करने की कोशिश नहीं करते।

## क्या करना चाहिए

- हम कभी भी प्रतिस्पर्धियों के साथ मूल्यों, मूल्य निर्धारण रणनीतियों, उत्पाद के लिए योजना बनाने, मार्केटिंग या विक्रय की शर्तों पर चर्चा नहीं करते। यदि ऐसी किसी चर्चा या मीटिंग, जहां प्रतिस्पर्धी मौजूद हों, के दौरान कोई प्रतिबंधित विषय सामने आता है, तो आपको उस चर्चा से बाहर हो जाना चाहिए। यदि आप ऐसी चर्चाओं में शामिल रहे हैं, या आपसे उनमें भाग लेने के लिए अनुरोध किया गया है, तो TriMas कानूनी विभाग को सूचित करें।
- हम कीमतों, उत्पादन की मात्रा, ग्राहकों या विक्रय क्षेत्रों के संबंध में अपने प्रतिस्पर्धियों के साथ समझौते नहीं करते।
- हम एक उत्पाद की खरीद को दूसरे के साथ लिंक नहीं करते, या TriMas के कारोबार को कायम रखने के लिए आपूर्तिकर्ताओं को हमसे खरीदारी करने के लिए मजबूर नहीं करते।
- हम बेईमानी से किसी प्रतिस्पर्धी के उत्पादों या सेवाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करते।
- हम ग्राहकों को गैर-कानूनी तरीके से प्रतिस्पर्धियों के साथ अनुबंध ख़त्म करने के लिए प्रेरित नहीं करते।
- हम उचित सार्वजनिक या अन्य कानूनी चैनलों के माध्यम से प्रतिस्पर्धी जानकारी एकत्रित करते हैं। हम अन्य लोगों द्वारा गैर-कानूनी या अनुचित तरीके, जिसमें गलतबयानी, संपत्ति पर कब्ज़ा करना या गोपनीयता अथवा ज़बरदस्ती शामिल है, से इकट्ठी की गई जानकारी का उपयोग नहीं करेंगे।
- अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया हमारी **वैश्विक प्रतिस्पर्धा कानून नीति** की समीक्षा करें।

### नैतिकता पर चर्चा

**मैंने हाल ही में एक उद्योग सम्मेलन में भाग लिया, और एक पुरानी दोस्त से बातचीत की थी, जो अब TriMas के किसी प्रतिस्पर्धी के लिए काम करती है। मेरी दोस्त ने एक ऐसे उत्पाद के लिए अपनी कंपनी की मूल्य निर्धारण नीति के बारे में चर्चा शुरू की जो TriMas में हमारे द्वारा बनाए जाने वाले उत्पाद से मिलता-जुलता है, और हमारे मूल्य निर्धारण के बारे में पूछा। क्या यह उचित था?**
नहीं। आपको बातचीत ख़त्म कर देनी चाहिए और TriMas कानूनी विभाग को उसकी जानकारी देनी चाहिए। TriMas की गोपनीय जानकारी का खुलासा करने के लिए अनुचित अनुरोध होने के अलावा, उस बातचीत को मूल्य तय करने की कोशिश के रूप में देखा जा सकता है, जो ज़्यादातर देशों में गैर-कानूनी है, और इस वजह से उसमें शामिल कंपनियों और व्यक्तियों पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है।

**क्या इस बारे में जानकारी इकट्ठी करने के लिए मैं ग्राहकों से बात कर सकता/सकती हूं कि प्रतिस्पर्धी क्या कर रहे हैं?**
हमें अपने प्रतिस्पर्धियों के बारे में ग्राहकों से मिलने वाली जानकारी उपयोगी हो सकती है, लेकिन उसका संदर्भ महत्वपूर्ण है। पहली बात, हम कभी भी किसी प्रतिस्पर्धी की गोपनीय जानकारी की तलाश या उपयोग नहीं करते। दूसरी बात, हमें इस बारे में सुनिश्चित होना चाहिए कि तीसरा पक्ष उस चर्चा को हमारे प्रतिस्पर्धियों के साथ मिलकर साज़िश करने के अप्रत्यक्ष प्रयास के रूप में देखेगा। यदि आपकी कोई भी समस्या है तो TriMas कानूनी विभाग से संपर्क करें।

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियंत्रण

**हम उन सभी व्यापार नियंत्रण कानूनों का पालन करते हैं जो अलग-अलग देशों में माल, सॉफ़्टवेयर, सेवाओं और तकनीक के हस्तांतरण तथा कुछ निश्चित देशों, निकायों और व्यक्तियों के साथ कारोबार को नियंत्रित करते हैं। व्यापार कानूनों में निर्यात और आयात संबंधी विनियम, तथा आर्थिक प्रतिबंध शामिल हैं, और अक्सर ये राष्ट्रीय सुरक्षा तथा विदेश नीति से जुड़े मामलों पर आधारित होते हैं।**

### क्या जानना चाहिए

- उत्पाद, उसके उपयोग, गंतव्य देश और अंतिम उपयोगकर्ता पर निर्भर करते हुए, कुछ निश्चित वस्तुओं के निर्यात के लिए सरकारी प्राधिकरण की आवश्यकता होती है।
- माल और सेवाओं के निर्यात और आयात, तथा सॉफ़्टवेयर के लाइसेंस और तकनीक के हस्तांतरण (जैसे योजनाएं, डिज़ाइन और तकनीकी सहायता) पर निर्यात प्रतिबंध लागू होते हैं। जब हम इंटरनेट या ईमेल के माध्यम से राष्ट्रीय सीमाओं से बाहर तकनीकी डेटा भेजते हैं तो वे लागू हो सकते हैं। हमारे द्वारा दूसरे देशों में TriMas के परिसरों में जानकारी या उत्पादों के स्थानांतरण, तथा माल के मूल देश से अलग किसी देश में किसी व्यक्ति को माल या जानकारी के अंतर्देशीय स्थानांतरण पर भी वे लागू हो सकते हैं। उचित सरकारी अनुमोदनों के बिना माल, तकनीक या सेवाओं का निर्यात करने के परिणामस्वरूप निर्यात विशेषाधिकार समाप्त हो सकते हैं तथा नागरिक और आपराधिक दंड दिया जा सकता है।
- हमें अपनी आयात प्रथाओं को नियंत्रित करने वाले सभी कानूनों का पालन भी करना होगा। TriMas के उत्पादों के अंतर्राष्ट्रीय स्थानांतरण के लिए उचित वर्गीकरण, सीमा शुल्क दस्तावेज़, मूल देश के चिह्नांकन और उचित मूल्यांकन घोषणाओं की आवश्यकता होती है।
- यू.एस. में स्थित कंपनी, TriMas के लिए कुछ प्रतिबंधित देशों, संस्थाओं, व्यक्तियों और उत्पादों को शामिल करते हुए अंतर्राष्ट्रीय कारोबार भी वर्जित है। समय-समय पर प्रतिबंध सूची में इन परिवर्तनों के कारण, जब कभी भी इस बारे में अनिश्चित हों कि व्यापार प्रतिबंध लागू हो सकते हैं या नहीं, किसी नई सूची के लिए आपको TriMas कानूनी विभाग से पता करना होगा।
- अमेरिकी कानून अमेरिकी कंपनियों और उनकी सहायक कंपनियों को उन विदेशी बहिष्कारों के साथ सहयोग या उनका समर्थन करने से रोकता है जो अमेरिका द्वारा समर्थित नहीं हैं।

### क्या करना चाहिए

- हमारे वैश्विक संचालनों में माल आयात करते समय सीमा शुल्क संबंधी सभी कानूनों और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें।
- निर्यात संबंधी सभी नियंत्रणों तथा व्यापार प्रतिबंधों को जाने और उनका पालन करें, तथा आवश्यक सरकारी अनुमोदन प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय दें ताकि शिपमेंट में रुकावट पैदा न हो।
- हमारे अनुपालन का प्रदर्शन करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन का पूरा और सही रिकॉर्ड रखें।
- यदि आपके काम में सीमा-पार से लेन-देन शामिल हैं तथा लागू विनियमों या आवश्यकताओं के बारे में आपके प्रश्न हैं तो TriMas कानूनी विभाग से संपर्क करें।

### नैतिकता पर चर्चा

**एक अच्छे ग्राहक ने मुझसे एक ऐसे देश में उत्पाद भेजने के लिए कहा जो अमेरिकी सरकार द्वारा लगाए गए व्यापार प्रतिबंध का गंतव्य है। क्या मैं शिपमेंट को युनाइटेड स्टेट्स से बाहर किसी TriMas डिविज़न को भेज सकता/सकती हूं और उनके द्वारा प्रतिबंधित देश में उसकी बिक्री करवा सकता/सकती हूं?**

नहीं। कानूनी TriMas के किसी भी निकाय को किसी प्रतिबंधित देश में विक्रय करने से रोकता है। किसी निष्पक्ष देश के माध्यम से भेजना प्रतिबंध से नहीं बचाता।

# निष्कर्ष

TriMas में, हम खुले, ईमानदारी-भरे संचार का सम्मान करते हैं और एक ऐसी संस्कृति विकसित करने की कोशिश करते हैं जहां हम प्रतिशोध के डर के बिना प्रश्न पूछने और समस्याओं को व्यक्त करने में सहज महसूस करें। हम ऐसे किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिशोध को बर्दाश्त नहीं करेंगे जो, साफ़ नीयत से, आवाज़ उठाता है, मदद मांगता है अथवा संहिता, TriMas के मुख्य मूल्यों या कानून के वास्तविक या संदिग्ध उल्लंघनों के बारे में किसी जांच में हिस्सा लेता है।

**हम खुले, ईमानदारी-भरे संचार का सम्मान करते हैं**

हमारी संहिता हमारे व्यवसाय के सिद्धांत और मूल्य दर्शाती है, और यह परिभाषित करती है कि एक कंपनी के रूप में हम दुनियाभर में कैसे आचरण करते हैं। हम नैतिकता और ईमानदारी के साथ कार्य करने, तथा हमारी सभी व्यावसायिक गतिविधियों में सत्यनिष्ठा के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी संहिता हमारे कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों के लिए व्यावसायिक आचरण के सिद्धांत प्रदान करती है ताकि हमारे नैतिक मानकों और सत्यनिष्ठा के लिए हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए वे उनका पालन कर सकें।

चाहे आपका प्रश्न या शिकायत कुछ भी हो - चाहे उसमें कार्यस्थल की समस्या, सुरक्षा-संबंधी समस्या, या गैर-कानूनी या अनैतिक आचरण शामिल हो या नहीं - हम आपकी बात सुनना चाहते हैं। यदि आप कुछ कहना चाहते हैं, तो आप इनमें से किसी भी संसाधन से संपर्क कर सकते हैं।

- **सुपरवाइज़र -** आम तौर पर आपका सुपरवाइज़र आपकी समस्या का जल्द समाधान करने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में होता है। यदि आप अपने सुपरवाइज़र के साथ समस्या को व्यक्त करने में सहज महसूस नहीं करते, तो आप, नीचे बताए गए ढंग से, किसी अन्य स्थानीय प्रमुख से संपर्क कर सकते हैं।
- **मानव संसाधन -** आप अपने व्यवसाय के मानव संसाधन प्रतिनिधि से संपर्क कर सकते हैं।
- **डिविज़न नेतृत्व -** आपका स्थानीय या व्यावसायिक नेतृत्व (आपके कारखाना प्रबंधक, डिविज़न प्रेज़िडेंट या डिविज़न वित्त अधिकारी सहित) एक और विकल्प है।

## अतिरिक्त संसाधन

आपके लिए उपलब्ध उपरोक्त संसाधनों के अलावा, गैर-कानूनी या अनैतिक आचरण के बारे में समस्याओं की जानकारी देने के लिए TriMas आपके व्यवसाय से बाहर के संसाधन भी उपलब्ध कराती है।

- **TRIMAS कानूनी विभाग -** TriMas कानूनी विभाग आपकी सहायता कर सकता है, विशेष रूप से लागू कानूनों और नीतियों से जुड़े प्रश्नों के साथ। कृपया TriMas कानूनी विभाग से संपर्क करने के लिए legal@trimascorp.com पर ईमेल करें।
- **कर्मचारी नैतिकता हॉटलाइन**
  - युनाइटेड स्टेट्स में 1-800-971-4338 पर कॉल करें या युनाइटेड स्टेट्स से बाहर अन्य देशों के लिए टोल-फ्री नंबर ढूंढने के लिए https://trimascorp.ethicspoint.com पर जाएं।
  - https://trimascorp.ethicspoint.com पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से रिपोर्ट करें

युनाइटेड स्टेट्स में, और कुछ अन्य देशों में कानून द्वारा अनुमति के अनुसार, कर्मचारी नैतिकता हॉटलाइन का उपयोग करते समय आप गुमनाम रह सकते हैं। यूरोपीय संघ क्षेत्र के कुछ अन्य देशों में स्थानीय गोपनीयता कानूनों के कारण, हो सकता है हॉटलाइन केवल विशिष्ट प्रकार की कॉलों की इजाज़त दे, जैसे अकाउंटिंग, वित्तीय, ऑडिट और रिश्वतखोरी से जुड़े मामले। उन देशों में, अन्य समस्याओं की जानकारी देने के लिए ऊपर सूचीबद्ध किए गए कर्मचारियों के लिए संसाधनों में से किसी अन्य संसाधन से संपर्क करें।